कार्तिक शुक्ल - 5 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 113 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- | बेंगलूरु » शनिवार » 18-11-2023 | ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 स्वच्छता और सुरक्षा का मानक बने छठ महापर्व : योगी आदित्यनाथ

6 सामूहिक प्रयास बदलेंगे ऊर्जा दक्षता की तस्वीर

7 जलवायु कार्रवाई बोझ नहीं, बल्कि नवोन्मेषण व वृद्धि का अवसर है : गोयल

## हमास-इजराइल संघर्ष में आम नागरिकों के मारे जाने की कड़े शब्दों में निंदा करता है भारत : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमास और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में आम नागरिकों के मारे जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया के घटनाक्रम से नई चुनौतियां उभर रही हैं और अब वक्त आ गया है कि 'ग्लोबल साउथ' के देशों को पूरी दुनिया के व्यापक हित में मिल कर आवाज उठानी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने भारत द्वारा आयोजित दूसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' को वर्चुअल तौर पर संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने पश्चिम एशिया में हालात से निपटने के लिए बातचीत, कूटनीति तथा संयम बरतने पर जोर दिया है।

मोदी ने सम्मेलन में शामिल हुए नेताओं को भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी, जिसमें अहम जोर 'ग्लोबल साउथ' अथवा विकासशील देशों के समक्ष पेश आने वाली चुनौतियों से निपटने में रहा। उन्होंने कहा,'' वैश्विक समृद्धि के लिए सबका साथ,सबका विकास जरूरी है। लेकिन हम सब देख रहे हैं कि पश्चिम एशिया के घटनाक्रम से नई चुनौतियां पैदा हो रही हैं।''

प्रधानमंत्री ने कहा, '' भारत ने सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए भयावह आतंकवादी हमले में निंदा की है। संयम के साथ ही हमने बातचीत और कूटनीति पर जोर दिया है। हम हमास और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में आम नागरिकों के मारे जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।''

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने फलस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ फोन पर हुई बातचीत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, '' राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बातचीत के बाद हमने फलस्तीन के लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजी। अब वक्त आ गया है कि 'ग्लोबल साउथ' के देशों को पूरी दुनिया के व्यापक हित में मिल कर आवाज उठानी चाहिए।''

प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन में पांच 'सी'– परामर्श, संचार, सहयोग, रचनात्मकता और क्षमता निर्माण के ढांचे के तहत सहयोग की अपील की ।



प्रधानमंत्री ने भारत द्वारा आयोजित दूसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' को वर्चुअल तौर पर संबोधित करते हुए कहा

## एआई के जिम्मेदाराना उपयोग का मोदी ने किया आह्वान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** भारत ने विश्व के 130 से अधिक विकासशील देशों को 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के लिए सामूहिक परामर्श, सहयोग, संचार, रचनात्मकता, क्षमता निर्माण के साथ आगे बढ़ने तथा उच्च तकनीक खासतौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जिम्मेदाराना ढंग से उपयोग का आह्वान किया तथा उनके विकास के लिए ज्ञान साझा करने की पहल के साथ एक उत्कृष्टता केन्द्र का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के उद्घाटन-सत्र को संबोधित करते हुए ये आह्वान किया और बहुपक्षीय विकास बैंकों में बड़े सुधार करने और विकासशील देशों के लिए टिकाऊ वित्तपोषण देने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने इज़रायल हमास संघर्ष का भी उल्लेख करते हुए आतंकी हमले और संघर्ष में नागरिकों की मौत की कठोर निंदा भी की। उन्होंने कहा वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ 21वीं सदी की बदलती हुई दुनिया का सबसे अनूठा मंच है। भौगोलिक रूप से ग्लोबल साउथ तो हमेशा से रहा है। लेकिन उसे इस प्रकार से आवाज़ पहली बार मिल रही है। ये हम सभी के साझा प्रयासों से संभव हुआ है। हम 100 से ज्यादा अलग-अलग देश हैं, लेकिन हमारे हित समान हैं, हमारी प्राथमिकताएं समान हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष दिसंबर में, जब भारत ने जी-20 की अध्यक्षता संभाली, तो हमने इस मंच पर ग्लोबल साउथ के देशों की आवाज को आगे बढ़ाना अपना दायित्व माना। हमारी प्राथमिकता थी कि जी-20 को ग्लोबल स्केल पर समावेशी और मानव केन्द्रित बनाया जाए। हमारी कोशिश थी कि जी-20 का फोकस हो – लोगों का, लोगों के लिए और लोगों द्वारा विकास।

### फर्स्ट टेक

## देवी चामुंडेश्वरी को भी 'गृह लक्ष्मी' योजना के तहत हर माह दो हजार रुपये मिलेंगे

**बेंगलूरु।** मैसूरु की प्रमुख देवी चामुंडेश्वरी को भी कर्नाटक सरकार की 'गृह लक्ष्मी' योजना के लाभार्थियों में रूप में शामिल किया गया है। इस योजना के तहत एपीएल/बीपीएल कार्ड धारक परिवारों की महिला मुखिया को दो हजार रुपये दिये जाने का प्रावधान है। कांग्रेस विधान पार्षद एवं पार्टी के राज्य मीडिया प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष दिनेश गूलीगौड़ा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि योजना के तहत हर महीने देवी को दो हजार रुपये का भुगतान किया जाए। उन्होंने बताया कि कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख शिवकुमार भी इस प्रस्ताव पर सहमत हुए और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर को हर महीने चामुंडेश्वरी मंदिर के खाते में राशि जमा करने का निर्देश दिया। गूली गौड़ा ने एक विज्ञप्ति में कहा, उपमुख्यमंत्री ने मेरे अनुरोध पत्र का तुरंत जवाब दिया और लक्ष्मी हेब्बालकर को अपने विभाग से या व्यक्तिगत रूप से देवी के लिए हर महीने दो हजार रुपये जमा करने का निर्देश दिया।

## दक्षिणी फिलीपीन में भूकंप के जोरदार झटके

**मनीला/एपी।** दक्षिणी फिलीपीन में शुक्रवार को शक्तिशाली भूकंप के कारण कुछ इमारतों की छतें गिर गईं। भूकंप के कारण किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है और सुनामी की कोई चेतावनी नहीं दी गई है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि 6.7 तीव्रता का भूकंप फिलीपीन के दक्षिणी सिरे पर बुरियास से 26 किलोमीटर (16 मील) दूरी पर आया। उसने बताया कि भूकंप का केंद्र 78 किलोमीटर (48 मील) गहराई में था। सोशल मीडिया पर साझा की गईं वीडियो में दो बड़े मॉल की छतें गिरती एवं खंभे हिलते दिखाई दे रहे हैं और लोग डर के कारण चिल्ला रहे हैं। 'एसएम सिटी जनरल सांटोस' मॉल और 'रॉबिन्सन जेन सैन' मॉल को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इस दौरान किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

## आर्मेनिया की राजधानी में विश्वविद्यालय की इमारत में विस्फोट

**येरेवान/एपी।** आर्मेनिया की राजधानी येरेवान में शुक्रवार को एक विश्वविद्यालय की इमारत में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने कहा कि विस्फोट येरेवान स्टेट यूनिवर्सिटी में रसायन विज्ञान विभाग की इमारत में हुआ।

| 18-11-2023 | 19-11-2023 |
|---|---|
| सूर्यास्त 5:50 बजे | सूर्योदय 6:19 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 65,794.73 | 19,731.80 |
| (-187.75) | (-33.40) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,240 रु. | 71,700 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## 200 करोड़ के क्रिप्टो-पोंजी घोटाले का भंडाफोड़, तीन लोग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

*भुवनेश्वर/भाषा। ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक क्रिप्टो-पोंजी घोटाले का पर्दाफाश करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घोटाले में आठ राज्यों के करीब ढाई लाख लोगों के साथ 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी की बात सामने आई है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि इनमें से एक व्यक्ति को जयपुर से गिरफ्तार किया गया है, जो दुबई भागने की फिराक में था।*

*ईओडब्ल्यू के अधिकारी ने बताया कि दो अन्य आरोपियों को बृहस्पतिवार को भुवनेश्वर से गिरफ्तार किया गया।*

*अधिकारी के मुताबिक, गिरफ्तार व्यक्ति 'येस वर्ल्ड क्रिप्टो टोकन' नाम की कंपनी से जुड़े हुए थे, जिसने पंजाब, राजस्थान, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, गुजरात, बिहार और झारखंड के ढाई लाख निवेशकों को बेहद कम अविध में भारी मुनाफे का लालच देकर उनसे 200 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी की। अधिकारी ने बताया कि पुरी शहर में एक निवेशक की शिकायत के आधार पर ईओडब्ल्यू ने घोटाले की जांच शुरू की थी। अधिकारी के मुताबिक, लोगों को आकर्षित करने के लिए कंपनी अक्सर विभिन्न जगहों पर आलीशान होटलों में कार्यक्रम आयोजित करती थी।*

*अधिकारी ने बताया कि अगस्त के बाद से ईओडब्ल्यू ने दूसरे क्रिप्टो-पोंजी घोटाले का पर्दाफाश किया है। अधिकारी के मुताबिक, अगस्त में जिस घोटाले का पर्दाफाश किया गया था, उसमें देशभर के दो लाख से ज्यादा लोगों से एक हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई थी।*

## पंजाब पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक की गोली मारकर हत्या

**अमृतसर/भाषा।** पंजाब पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की शुक्रवार को कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि एएसआई सरूप सिंह का शव खानकोट गांव में मिला और उनके सिर पर गोली लगने का निशान था। सिंह बृहस्पतिवार की रात अपने घर से कुछ आधिकारिक दस्तावेजों के साथ नवा-पिंड पुलिस थाने के लिए निकले थे जहां वह तैनात थे। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने शुक्रवार सुबह शव पड़े होने की सूचना विभाग को दी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, सिंह की मौत सिर में एक गोली लगने से हुई है।



## देश के भविष्य को आकार देने में भूमिका निभाएं अधिकारी : मुर्मु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज कहा कि युवा अधिकारियों के विचार, निर्णय और कार्य रक्षा प्रणालियों तथा देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां भारतीय आयुध सेवा के अधिकारियों और भारतीय रक्षा लेखा सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे ऐसे समय में इन सेवाओं में शामिल हुए हैं जब देश स्थानीय और वैश्विक स्तर पर व्यापक बदलाव के दौर से गुजर रहा है। नई प्रौद्योगिकियों के उद्भव और नवीनतम तकनीकों तथा सूचनाओं के विश्व के हर हिस्से में त्वरित गति से फैलने के साथ, एक विकसित राष्ट्र के निर्माण और भारत को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों के विचार, निर्णय और कार्य रक्षा प्रणालियों और देश के भविष्य को आकार देने में व्यापक स्तर पर योगदान देंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने एक समावेशी और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने की यात्रा का सूत्रपात किया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर, प्रतिस्पर्धी और मजबूत अर्थव्यवस्था के निर्माण में स्वदेशी उद्योगों की बहुत बड़ी भूमिका है। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं और रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार किये हैं।

## लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ रातभर चली मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पांच आतंकवादी मारे गये। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कुलगाम जिले में 18 घंटे तक चली मुठभेड़ खत्म होने के बाद कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरदी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं और इलाके में छानबीन की जा रही है। बिरदी ने कहा कि ड्रोन फुटेज के जरिए आतंकवादियों के शवों का पता लगाया गया। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने कुलगाम के नेहामा गांव में घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया।

## झारखंड में रांची के एक गांव के पांच मंदिरों में मूर्तियां खंडित मिलीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** झारखंड में रांची जिले के एक गांव के पांच मंदिरों में मूर्तियां खंडित मिलीं, जिससे गुस्साए स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-75 और कुछ अन्य सड़कों को जाम कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रदेश की राजधानी से करीब 30 किलोमीटर दूर मुडमा गांव में बृहस्पतिवार रात अज्ञात लोगों ने मंदिरों में तोड़फोड़ की।

ग्रामीणों के अनुसार, इन मंदिरों में भगवान शिव, हनुमान और एक देवी की मूर्ति को खंडित कर दिया गया।



पुलिस ने बताया कि इस घटना के विरोध में महिलाओं समेत सैकड़ों ग्रामीण पारंपरिक हथियारों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर इक्ट्ठा हो गये और उन्होंने रांची तथा डालटनगंज के बीच यातायात जाम कर दिया। यह भी बताया कि लोगों ने ठाकुरगांव, चान्हो और बिजूपाड़ा में भी सड़कें जाम कर दीं।

खलारी की पुलिस उपाधीक्षक अंकिता रॉय ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मुडमा गांव में पांच मंदिरों में मूर्तियां खंडित कर गईं। पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अब भी नाजुक

*इस्लामाबाद/भाषा। पाकिस्तान की कार्यवाहक वित्त मंत्री शमशाद अख्तर ने कहा कि सुधार के बावजूद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था नाजुक बनी हुई है और नकदी संकट से जूझ रहे देश को कुछ समय के लिए आईएमएफ से अधिक ऋण लेना होगा। शुक्रवार को खबर में यह बात कही गई। समाचार पत्र 'डॉन' में की खबर के अनुसार, अख्तर ने इस बात पर भी जोर दिया कि पाकिस्तान को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बेड़े वित्त सुधार करने की जरूरत है। अख्तर ने कहा, '' अगला अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम बेहद जरूरी है, क्योंकि अर्थव्यवस्था में स्थिरता आई है लेकिन यह अब भी बहुत नाजुक है। जब तक हम निर्यात तथा घरेलू संसाधनों को बढ़ाने में सक्षम नहीं हो जाते, हमें एक और कार्यक्रम की आवश्यकता होगी।'' उन्होंने यह टिप्पणी सरकार और आईएमएफ द्वारा कर्मचारी स्तर के समझौते के साथ जारी तीन अरब अमेरिकी डॉलर के 'स्टैंड-बाय' समझौते की समीक्षा के समापन के एक दिन बाद की।*

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### कर्म प्रलाप

यदि लगे स्वयं का कर्म तुच्छ,
तो त्यागे उसको शीघ्र आप।
करता है कौन बाध्य किसको,
मानो मत इसको पुण्य पाप।
श्रापित दंडित ना कर सकते,
अब वर्ण व्यवस्था जाति खांप।
मन चाहा कर्म कर रहे सब,
छोड़ें कुंठाओं के प्रलाप।।

## मप्र में विस की सभी 230 सीटों के लिए मतदान समाप्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/वार्ता।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज शाम छह बजे मतदान समाप्त हो गया और लगभग पांच करोड़ 60 लाख मतदाताओं में से कम से कम 72 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर मतदान प्राय: शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया और इस तरह 2533 उम्मीदवारों की किस्मत इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गयी।

वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 75.63 प्रतिशत और वर्ष 2013 के चुनाव में 72.69 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले थे।

मतों की गिनती का कार्य तीन दिसंबर को होगा। राज्य में सभी 230 सीटों के लिए मतदान एक ही चरण में हुआ है।



राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार सभी 230 क्षेत्रों में मतदान सुबह सात बजे प्रारंभ हुआ। शाम छह बजे तक 11 घंटों के दौरान औसतन कम से कम 72 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। मतदान प्रतिशत का वास्तविक आकड़ा आने में अभी कुछ और वक्त लगेगा और निश्चित तौर पर इसमें वृद्धि होगी। यूनीवार्ता को विभिन्न अंचलों से मिली सूचनाओं के अनुसार शाम को मतदान समाप्ति के पहले अनेक मतदान केंद्रों पर भी लंबी कतारें देखी गयीं। राज्य में मतदान के प्रति लोगों में काफी उत्साह दिखायी दिया।

नक्सली प्रभावित बालाघाट जिले के बैहर, लांजी और परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर, मंडला जिले के बिछिया विधानसभा क्षेत्र के 47 और मंडला विधानसभा क्षेत्र के आठ मतदान केंद्रों तथा डिंडोरी जिले के डिंडोरी विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले 40 मतदान केंद्रों पर वोटिंग तीन बजे समाप्त हो गयी थी। नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में भी मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

राज्य में सभी 64 हजार 626 मतदान केंद्रों पर मतदान शाम छह बजे तक चलता रहा और मतदान केंद्रों पर कतारें भी देखी गयीं। क्रिटिकल मतदान केंद्रों की संख्या 17 हजार 32 है। कुल एक हजार 316 वल्नरेबल क्षेत्र चिंहित किए गए हैं। ऐसे क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने के लिए सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गयी थी। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने के लिए राज्य पुलिस बल के अधिकारियों और जवानों के अलावा रिजर्व पुलिस बल को तैनात किया गया।

## छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में लगभग 68.15 प्रतिशत मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/वार्ता।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के दूसरे एवं आखिरी चरण की 70 विधानसभा सीटों पर मतदान सम्पन्न हो गया। शाम पांच बजे तक लगभग 68.15 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। इस दौरान गरियाबंद जिले में नक्सलियों के मतदान कराकर लौट रहे मतदान दल को लक्ष्य रख किए विस्फोट में केन्द्रीय अर्द्ध सैन्य बल का एक जवान शहीद हो गया।

इस आखिरी चरण में जिन प्रमुख लोगो का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो गया उसमें उनमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल (पाटन),उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव (अम्बिकापुर), विधानसभा अध्यक्ष डा.चरणदास महंत (सक्ती), भाजपा के प्रदेश अरूण साव (लोरमी), जनता कांग्रेस की अध्यक्ष डा.रेणु जोगी (कोटा), केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह (भरतपुर सोनहत) , पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद विष्णुदेव साय (कुनकुरी) और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल (जांजगीर) मुख्य है।

इस चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं,जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं। कांग्रेस एवं भाजपा के अलावा जनता कांग्रेस,आम आदमी पार्टी,कम्युनिस्ट पार्टी,बहुजन समाज पार्टी समेत कई दलों के उम्मीदवार भी इनमें शामिल है।

# प्रियंका गांधी चुनाव के दौरान मनोरंजन के लिए मध्य प्रदेश आती हैं: चौहान



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान फिल्मी चरित्रों से उनकी तुलना करने की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह मध्य प्रदेश में मनोरंजन और लोकतंत्र एवं लोगों का अपमान करने आती हैं।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए जाने से पहले चौहान ने सीहोर जिले के जैत में अपने पैतृक आवास पर पीटीआई-भाषा से कहा, ''कांग्रेस तो गंभीर है ही नहीं। मैं प्रियंका गांधी से सवाल करना चाहता हूं कि क्या फिल्मों में एक्टिंग करना यहां मुद्दा है?, क्या जय और वीरू चुनाव का मुद्दा है?, क्या मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) के नाम पर फिल्म बन जाए ये मुद्दा है? अरे मजाक बना दिया चुनाव का। ये लोकतंत्र का अपमान है, जनता का अपमान है।'' राज्य की सभी 230 विधानसभा सीटों के लिए आज सुबह सात बजे मतदान चल रहा है।

शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव प्रचार के दौरान प्रिंयका की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए कहा, ''वो (प्रिंयका गांधी) गंभीर है ही नहीं। वो चुनाव को, लोकतंत्र को, जनता को मनोरंजन समझती हैं, इसलिए मनोरंजन करने आईं हैं। ये तो उनकी सोच का घटियापन है। गंभीर मुद्दों पर बात करो ना। मुख्यमंत्री एक्टिंग करने जाएं, इस पर चुनाव लड़ोगे क्या?''

दतिया विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका ने चौहान पर कटाक्ष करते हुए उन्हें विश्व प्रसिद्ध अभिनेता करार दिया था और कहा था कि वह बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को मात दे सकते हैं। लेकिन जब भी कोई काम के बारे में बात करता है तो वह असरानी (कॉमेडियन) की तरह व्यवहार करने लगते हैं।

## नूंह में पथराव की घटना पर विहिप ने कहा, धर्म परिवर्तन के लिए माहौल बनाया जा रहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुरुग्राम/भाषा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने हरियाणा के नूंह में हिंदू दलित महिलाओं पर पथराव की कथित घटना की शुक्रवार को निंदा की और कहा कि धर्म परिवर्तन के लिए माहौल बनाया जा रहा है। विहिप की राज्य इकाई के अध्यक्ष और पूर्व न्यायाधीश पवन कुमार ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कुछ मदरसों के मौलवियों ने बेगुनाह लोगों का 'ब्रेनवॉश' किया, जिन्होंने हिंदू रिवाज 'कुआं पूजन' के दौरान दलित महिलाओं पर पथराव किया। कुमार ने घटना को निंदनीय करार दिया।

कुमार ने कहा कि धार्मिक परंपराओं, यात्राओं और हिंदू त्योहारों पर लगातार हमले एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा हैं तथा इसके जरिए धर्म परिवर्तन या फिर लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर करने का माहौल तैयार किया जा रहा है। उन्होंने घटना की जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, 'मदरसों के मौलवियों और अन्य शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। जिन नाबालिग बच्चों ने इस घटना को अंजाम दिया है, उन्हें तत्काल किशोर आश्रय केंद्रों में भेजा जाना चाहिए और अगर इस घटना में वयस्क लोग शामिल हैं तो उनके खिलाफ उचित धाराओं के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए।' कुमार ने कहा कि इस तरह के कृत्यों में शामिल मदरसों को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाना चाहिए और उन पर प्रशासनिक कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस के मुताबिक, बृहस्पतिवार रात को अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर मस्जिद से कुछ महिलाओं के ऊपर पथराव किया था, जिसमें तीन महिलाओं को चोट आई थी।

## इसरो, नासा ने अंतरिक्ष अन्वेषण में अवसरों की संभावना पर चर्चा की

**बेंगलूरु।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में भविष्य में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की है। नासा जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) की निदेशक लॉरी लेशिन ने यहां इसरो मुख्यालय का दौरा किया और भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के अध्यक्ष एवं अंतरिक्ष विभाग के सचिव एस. सोमनाथ के साथ बैठक की। इसरो ने एक बयान में कहा,' डॉ. लॉरी लेशिन ने इसरो के यूआर राव उपग्रह केंद्र (यूआरएससी) में जेपीएल और इसरो के अधिकारियों के एक टीम के रूप में संयुक्त प्रयासों पर खुशी प्रकट की, जो नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार (निसार) को विकसित करने में जुटे हुए हैं।' इसरो ने कहा कि लेशिन की 15 नवंबर को हुई यात्रा के दौरान निसार के प्रक्षेपण की तैयारी और तकनीकी क्षेत्रों एवं अंतरिक्ष अन्वेषण में पेशेवरों का आदान-प्रदान सहित भविष्य के सहयोग के अवसरों पर भी चर्चा की गई। इसरो सूत्रों ने कहा कि निसार एक पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) वाला वेधशाला है जिसे अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) और इसरो संयुक्त रूप से विकसित कर रहा है।

## इंस्टापेज पर हत्या को लेकर सांप्रदायिक नफरत फैलाने के आरोप में मामला दर्ज

**उडुप्पी।** कर्नाटक के उडुपी जिले में एक मुस्लिम परिवार के चार सदस्यों की हत्या का जश्न मनाने के लिए 'हिंदू मंत्र' इंस्टाग्राम पेज के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पोस्ट में 12 नवंबर को एक परिवार की तीन महिलाओं और एक लड़के सहित चार लोगों की हत्या करने वाले एक नाराज प्रेमी के कृत्य का महिमामंडन किया गया था, इसमें दावा किया गया था कि उसने 15 मिनट में चार मुसलमानों की हत्या करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था। पोस्ट में दिखाई गई आरोपी की तस्वीर को क्राउन इमोजी से सजाया गया था। उडुप्पी में सीईएन ने जांच शुरू कर दी है और इस संबंध में मामला दर्ज किया है। इसके अलावा, पोस्ट में कहा गया है कि उडुपी टॉयलेट वीडियो मामले में पीड़ित लड़कियों के समर्थन के लिए कोई भी आगे नहीं आया था, और इस मौजूदा मामले में पीड़ितों के लिए समर्थन की इसी तरह की कमी की भविष्यवाणी की गई थी।

## बेगलूरु पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के मामलों को सुलझाने के लिए विशेष जांच दलों का गठन किया

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया है। ये टीम विशेष रूप से आधार सक्षम भुगतान प्रणाली, सेक्सटॉर्शन', ऑनलाइन नौकरियों और कूरियर कंपनी के नाम पर किये जाने वाले अपराधों की जांच करेंगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त स्तर के चार अधिकारियों के नेतृत्व में अफसर और कर्मचारियों की अलग-अलग विशेष जांच टीम को साइबर अपराध के इस तरह के मामलों को सुलझाने का काम सौंपा गया है और वे पहले से ही अपने काम में लग गए हैं। पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, हाल के दिनों में शहर में आधार सक्षम भुगतान प्रणाली से संबंधित धोखाधड़ी के 116 मामले सामने आए हैं। वहीं, कूरियर कंपनी के नाम पर धोखाधड़ी के 250, सेक्सटॉर्शन' से संबंधित 115 और ऑनलाइन नौकरियों के नाम पर धोखाधड़ी के 4,607 मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित उपायुक्त यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके अधिकार क्षेत्र के तहत साइबर मामलों की जांच सही दिशा में और बैंक के नोडल अधिकारियों के साथ उचित समन्वय में की जाए, जिससे आरोपियों और उनके द्वारा धोखाधड़ी से हासिल किए गए धन का पता लग सके।

## उडुप्पी हत्याकांड मामले में कर्नाटक मंत्री ने दिया उचित न्याय का आश्वासन

**बेंगलूरु।** कर्नाटक की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री और उडुपी जिला प्रभारी मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने उडुपी में पीड़ित परिवार से मुलाकात की। साथ ही परिवार को उचित न्याय का आश्वासन दिया। यहां एक नाराज प्रेमी ने घर के चार सदस्यों की हत्या कर दी थी। हेब्बालकर ने मीडियाकर्मियों से कहा, 'हत्यारे ने परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी। यह एक राक्षस का कृत्य है। मैं मौतों पर शोक व्यक्त करने के लिए उनसे मिलने गई। मामले में पुलिस विभाग ने अब तक अच्छा काम किया है। हम परिवार को न्याय दिलाने की पूरी कोशिश करेंगे।' उन्होंने कहा कि उडुपी एक शांतिपूर्ण जिला है और ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, 'हम सावधानी बरतेंगे और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। ऐसी कोई जानकारी नहीं थी कि आरोपी बेलगावी जिले में छिपा हुआ है। उसने एक मनोरोगी की तरह व्यवहार किया। आरोपी शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं।' हेब्बालकर ने कहा कि आरोपी ने केवल 20 मिनट में इस घटना को अंजाम दिया जो उसकी मानसिक स्थिति के बारे में बताता है। पीड़ित परिवार ने हत्याकांड की न्यायिक जांच की मांग की है और एक जज का नाम भी सुझाया है। मंत्री ने परिवार को आश्वासन दिया कि ''हम उन्हीं से जांच कराएंगे।'' उन्होंने कहा कि काम की वजह से वह पहले परिवार से मिलने नहीं जा पाई थी। हालांकि, मैं परिवार और पुलिस विभाग के संपर्क में थी।''

## मराठा आरक्षण का विरोध नहीं करते, लेकिन ओबीसी कोटे में कटौती नहीं होनी चाहिए: भुजबल



**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने शुक्रवार को दोहराया कि मराठों को आरक्षण देते समय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए मौजूदा आरक्षण में कटौती नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे के बयान को लेकर उनपर निशाना भी साधा। ओबीसी समुदायों की एक रैली में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता भुजबल ने पूछा कि अचानक मराठों को कुनबी जाति से संबंधित दिखाने वाले कई रिकॉर्ड कैसे मिल जा रहे हैं।

भुजबल व कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार, राजेश राठौड़, भाजपा के विधान परिषद सदस्य गोपीचंद पडलकर, प्रकाश शेंडगे और महादेव जानकर सहित कई अन्य प्रमुख ओबीसी नेता महाराष्ट्र के जालना जिले के अंबाद में 'ओबीसी भटके विमुक्त जात आरक्षण बचाओ यलगार सभा' (ओबीसी और खानाबदोश जनजातियों के आरक्षण को बचाने के लिए रैली) में शामिल हुए। कार्यक्रम अंतरवाली सरती से 25 किमी. दूर हुआ, जहां जरांगे ने मराठा आरक्षण की मांग के लिए पहले अगस्त में और फिर अक्टूबर में भूख हड़ताल शुरू की थी। भुजबल ने कहा, ओबीसी को संवैधानिक रूप से और उच्चतम न्यायालय की मंजूरी के बाद आरक्षण मिला।

## कांग्रेस पर झूठी गारंटी के साथ कर्नाटक को धोखा देने का आरोप: राव




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/वार्ता।** तेलंगाना के वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री हरीश राव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने पांच गारंटी के नाम पर कर्नाटक के लोगों को धोखा दिया है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस तेलंगाना में छह गारंटी के साथ इसी तरह के धोखे का प्रयास कर रही है।

शुक्रवार को यहां तेलंगाना भवन में राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी में कई नेताओं के शामिल होने के अवसर पर मीडिया से बात करते हुए, श्री राव ने कांग्रेस पार्टी के शासन के तहत कर्नाटक के लोगों के सामने आने वाली चुनौतीपूर्ण स्थिति पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने पुरानी योजनाओं पर भरोसा करने, बच्चों की छात्रवृत्ति कम करने और विकास परियोजनाओं के लिए धन की उपेक्षा करने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की है। मंत्री हरीश ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस नेताओं ने कर्नाटक के लोगों को स्वर्ग का वादा किया लेकिन अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहे। उन्होंने राहुल गांधी की अनुपस्थिति की ओर इशारा किया, जिन्होंने कर्नाटक में वादे किए लेकिन सत्ता में आने के बाद से राज्य का दौरा नहीं किया है। उहोंने आरोप लगाया कि कर्नाटक को कांग्रेस शासन के तहत वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, उन्होंने सवाल किया कि क्या लोग रोशनी की दिवाली चाहते हैं या दिवालिया राज्य चाहते हैं।



तेलंगाना चुनाव

## खरगे ने जारी किया कांग्रेस का घोषणापत्र, कहा- पार्टी सत्ता में आएगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जिसमें तेलंगाना के लिए छह गारंटी और अनेक घोषणाएं हैं।

कांग्रेस प्रमुख ने 42 पन्नों वाला घोषणापत्र ''अभय हस्तम' जारी करते हुए कहा कि तेलंगाना के लोगों का रुख है कि 'चाहे जो हो' कांग्रेस को सत्ता में लाया जाए।

कांग्रेस की छह गारंटी में 30 नवंबर के चुनाव के बाद राज्य में सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह और 500 रुपये में गैस सिलेंडर के साथ-साथ सभी घरों में 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा शामिल है।

'रायतू भरोसा' के तहत पार्टी ने प्रत्येक वर्ष किसानों को 15,000 रुपये की निवेश सहायता देने का वादा किया है, वहीं खेतों में काम करने वाले मजदूरों को 12,000 रुपये दिए जाएंगे। 'चेयुता' के तहत पात्र लाभार्थियों को 4,000 रुपये सामाजिक पेंशन और 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया गया है। उन्होंने कहा,'' हमने कर्नाटक में दिया है और इन्हें लागू किया जा रहा है। बसों में निशुल्क यात्रा योजना के कारण महिलाएं विभिन्न मंदिरों और अन्य प्रार्थनास्थलों में जा रही हैं। हम तेलंगाना को दी गई सभी छह गारंटी लागू करेंगे।'' खरगे ने कहा, '' घोषणापत्र हमारे लिए गीता, कुरान और बाइबिल की तरह है। हम इसे लागू करेंगे।'' उन्होंने कहा कि सभी छह गारंटियों को पहली कैबिनेट बैठक में पारित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस प्रमुख ने कहा, '' आज मैं चुनौती दे सकता हूं और कह सकता हूं कि मोदी और केसीआर मिलकर चाहें जो भी प्रयास कर लें कांग्रेस यकीनन सत्ता में आएगी।''

## केरल पर्यटन निवेशक बैठक में जुटाया गया 15,000 करोड़ रुपये का निवेश: सरकार

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल सरकार ने कहा कि उसके द्वारा आयोजित पहली पर्यटन निवेशक बैठक (टीआईएम) से वैश्विक महामारी के बाद के युग में राज्य सरकार की यात्रा व आतिथ्य क्षेत्र की पहल को काफी बढ़ावा मिला है।

केरल पर्यटन विभाग की जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस आयोजन में क्षेत्र के लिए 15,116.65 करोड़ रुपये जुटाए गए। इसमें एक समझौता ज्ञापन भी शामिल है, जिसमें केरल पर्यटन ने 250 करोड़ रुपये के 'हाउसबोट होटल प्रोजेक्ट' के लिए तमारा लीजर एक्सपीरियंस के साथ हस्ताक्षर किए हैं। बेंगलुरु स्थित आतिथ्य समूह अलाप्पुझा तथा कन्नूर जिलों में इस परियोजना को आकार देगा। टीआईएम 2023 में करीब 500 निवेशकों व उद्यमियों ने हिस्सा लिया। इसमें से 46 स्टार्टअप तथा पर्यटन क्षेत्र के अनुभवी 118 निवेशक शामिल हैं। कुल 75 परियोजनाएं प्रस्तुत की गईं, जिनमें से 52 निजी क्षेत्र से थीं। उन्होंने निवेश प्रस्तावों में योगदान दिया। पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित 23 परियोजनाओं के अलावा 16 परियोजनाओं को सार्वजनिक-निजी भागीदारी के रूप में प्रस्तावित किया गया। दिनभर चले विचार-विमर्श के बाद पर्यटन विभाग ने एक समर्पित सुविधा केंद्र स्थापित करने का भी निर्णय किया।



## तेलंगाना में कांग्रेस के लिए समर्थन का 'तूफान' आने वाला है: राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के लिए समर्थन का 'तूफान' आने वाला है और राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) बुरी तरह हारेगी। राहुल गांधी ने खम्मम जिले के पिनापाका में एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि बीआरएस का भ्रष्टाचार पूरे राज्य में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पहला लक्ष्य तेलंगाना में जनता की सरकार बनाना और उसके बाद केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार को सत्ता से हटाना है।

कांग्रेस नेता ने कहा, ''केसीआर (के. चंद्रखेशर राव) को पता चल गया है कि तेलंगाना में कांग्रेस का 'तूफान' आने वाला है... ऐसा तूफान आने वाला है कि केसीआर और उनकी पार्टी तेलंगाना में नजर नहीं आएगी।'' उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री पूछते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने किया क्या है? मुख्यमंत्री साहब, जिस स्कूल और कॉलेज में आपने पढ़ाई की, उसे कांग्रेस ने बनाया। जिन सड़कों पर आप यात्रा करते हैं, वे सड़कें कांग्रेस ने बनाई हैं।'' राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना के युवाओं के समर्थन से विकास किया। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस ही थी जिसने तेलंगाना राज्य बनाने का वादा पूरा किया और हैदराबाद को दुनिया की आईटी राजधानी बनाया। उन्होंने कहा, ''मुकाबला 'दोराला (सामंती) तेलंगाना और 'प्रजाला' (जनता) तेलंगाना के बीच है। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब और रेत समेत सभी विभाग जहां से पैसा बनता है, ''मुख्यमंत्री के परिवार'' के हाथों में हैं।

## हासन में प्रेमिका की गला रेतकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**हासन।** कर्नाटक के हासन में झगड़े के बाद चाकू से गला रेतकर प्रेमिका की हत्या करने के आरोप में शुक्रवार को 23 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी तेजस छह महीने से अधिक समय से युवती के साथ रिश्ते में था और युवती कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की अंतिम वर्ष की छात्रा थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने भी उसी कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई की थी। पुलिस ने कहा कि दोनों में अक्सर झगड़ा और बहस होती थी और हाल ही में आरोपी को लड़की के पिछले रिश्ते के बारे में पता चला, जिसके कारण उनके बीच झगड़ा हुआ।

## भारतपे विवाद: अश्नीर ग्रोवर, पत्नी माधुरी को दिल्ली हवाई अड्डे पर रोका गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतपे के सह-संस्थापक अश्नीर ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन के खिलाफ इस फिनटेक कंपनी में कथित धोखाधड़ी को लेकर जारी लुकआउट सर्कुलर के मद्देनजर दोनों को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोक लिया गया।

दंपति छुट्टी बिताने न्यूयॉर्क जा रहे थे, तभी दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से जारी लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) के आधार पर उन्हें हवाई अड्डे पर रोक लिया गया।

ईओडब्ल्यू भारतपे में कथित रूप से ग्रोवर और उनके परिवार द्वारा संचालित फर्जी एचआर परामर्श इकाइयों को किए गए भुगतान की शिकायतों की जांच कर रही है। उन पर पुरानी तारीख के इनवॉइस का इस्तेमाल का भी आरोप है।

ग्रोवर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में हवाई अड्डे पर रोके जाने की पुष्टि की।

हालांकि उन्होंने कहा कि इस मामले में मई में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से उन्हें 17 नवंबर सुबह आठ बजे तक ईओडब्ल्यू की ओर से कोई पत्र या समन नहीं मिला। उन्होंने कहा, ''मैं 16 से 23 नवंबर तक के लिए अमेरिका जा रहा था।''

ग्रोवर ने लिखा, ''आव्रजन पर उन्होंने कहा कि एलओसी लगा हुआ है सर। ईओडब्ल्यू से पड़ताल करके बताते हैं। मुझे अजीब इसलिए लगा कि मई में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से मैं चार बार विदेश यात्रा कर चुका हूं। कभी परेशानी नहीं हुई और मुझे एक बार भी तलब नहीं किया गया।'' उन्होंने कहा कि इस दौरान उड़ान रवाना हो गई और ईओडब्ल्यू ने आव्रजन को दोनों लोगों को घर लौटने देने को कहा।

ग्रोवर ने कहा, ''आज सुबह ईओडब्ल्यू का समन घर पर पहुंचा। हमेशा की तरह सहयोग करुंगा।''

सूत्रों के मुताबिक हवाई अड्डे पर दंपति को रोके जाने पर ग्रोवर ने विरोध जताया था, वहीं खुद ग्रोवर ने कहा कि 'कोई नाटक नहीं हुआ था'।

ईओडब्ल्यू ने मई में ग्रोवर, उनकी पत्नी माधुरी और परिजनों दीपक गुप्ता, सुरेश जैन और श्वेतांक जैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। यह मामला भारतपे की एक शिकायत के बाद 81 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के लिए दर्ज किया गया था।

## आंध्र प्रदेश: जगन रेड्डी ने पात्र लाभार्थियों को भूमि के पूर्ण स्वामित्व अधिकार प्रदान किये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नुजविड (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को राज्य के एलुरु जिले के नुजविड में आवंटित भूमि, भूमि खरीद योजना (एलपीएस) के लाभार्थियों और अन्य को पूर्ण स्वामित्व अधिकार प्रदान किये।



इससे 20.24 लाख से अधिक पात्र गरीब लाभान्वित हुए, जिन्हें 35.4 लाख एकड़ से अधिक भूमि का मालिकाना हक प्राप्त हुआ। रेड्डी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''दशकों से, जो किसान इन जमीनों पर खेती कर रहे हैं, उन्हें आज उन पर पूरा अधिकार मिलेगा।'' कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ने 15.2 लाख से अधिक किसानों को स्वामित्व दस्तावेज सौंपने की शुरुआत की। रेड्डी ने कहा कि अब से 1.61 लाख किसानों को 1.5 लाख एकड़ गांव की जमीन पर 'फ्रीहोल्ड' अधिकार मिलेगा, जिसे निषिद्ध खंड के तहत रखा गया था। इसके अलावा, मुख्यमंत्री रेड्डी ने 42,307 पात्र गरीबों को 46,463 एकड़ आवंटित भूमि नए सिरे से वितरित की। उन्होंने 17,768 पात्र लोगों को पट्टे के दस्तावेज भी सौंपे और उन्हें नदी के किनारे की 9,064 एकड़ भूमि आवंटित की। इसी तरह, रेड्डी ने राज्य भर के 1,563 गांवों में दलित कब्रिस्तान के रूप में 951 एकड़ जमीन आवंटित की। इसी तरह, रेड्डी ने 22,346 पात्र किसानों को 22,837 एकड़ जमीन पर फ्रीहोल्ड 'अधिकार' दिए, जिन्होंने इसे एलपीएस के तहत एससी कॉर्पोरेशन से प्राप्त ऋण के माध्यम से खरीदा था। उन्होंने उन ऋणों को भी माफ कर दिया।



शुक्रवार को बेंगलूरु के जीकेवीके में आयोजित कृषि मेले में नवाचार के लिए किसानों का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कृषि मंत्री चलुवराय स्वामी एवं अन्य।



कृषि मेले में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया।

## कृषि विद्यालय केवल कृषि स्नातकों को तैयार करने वाली संस्था नहीं है

# हरित क्रांति निरंतर होनी चाहिए : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। हरित क्रांति निरंतर होनी चाहिए। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो नई किस्में, नई दवा, मिट्टी की उर्वरता, तकनीक, किसानों के लिए उचित मूल्य, खाद्य भंडारण के लिए गोदाम बनाए जाएं, स्थायी कृषि विकास होगा। उन्होंने आज जीकेवीके परिसर में कृषि मेले का उद्घाटन किया और कृषि पुरस्कार वितरित किये।

उन्होंने कहा कि बेंगलूरु कृषि विश्वविद्यालय राज्य में स्थापित पहला कृषि विश्वविद्यालय था। कृषि विश्वविद्यालय 6 दशकों से कृषि मेले का आयोजन कर रहा है। राज्य के किसानों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और विकास की जानकारी देने का काम कर रहा है। कृषकों को विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिकी के विकास, नई किस्मों, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने आदि के बारे में लोगों को जानकारी देने का काम करना चाहिए। कृषि विद्यालय केवल कृषि स्नातकों को तैयार करने वाली संस्था नहीं है। कृषि छात्र तैयार करने के साथ-साथ शोध पर भी जोर दिया जाना चाहिए। राजस्थान को छोड़कर पूरे देश में सबसे शुष्क भूमि कर्नाटक राज्य में है। अधिकांश किसान कृषि पर निर्भर हैं। यदि हम सभी किसानों को कृषि से जोड़े रखना चाहते हैं, तो कृषि को लाभदायक बनाना होगा। यदि कृषि अलाभकारी हो गयी तो अनेक किसानों को खेती छोड़नी पड़ेगी। कई किसान खेती से विमुख हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालयों में काम करने वाले वैज्ञानिकों और प्रोफेसरों को ऐसी स्थिति बनाने पर अधिक जोर देना चाहिए जहां वे खेती करके अपना जीवन यापन कर सकें।

### कम पानी में भी उगने वाली किस्मों की जरूरत है

यह अच्छा है कि कृषि विश्वविद्यालय ने 5 नई किस्में जारी की हैं। पानी की कमी होने पर भी प्रजातियाँ विकसित होने में सक्षम होनी चाहिए। बहुत सारे किसानों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बारिश, फसल और बाजार व्यवस्था के बिना वे मुश्किल में हैं। मौसम की मार के कारण सूखे की स्थिति है। जहाँ भी खेती होती है, वहाँ सूखा पड़ता है। पहले हर 4-5 साल में सूखा पड़ता था। कभी-कभी भयंकर सूखा पड़ जाता है। इस बार 223 तालुकों में सूखा घोषित किया गया है। कमोबेश 90 फीसदी सूखा पड़ चुका है। सरकार अगर सब्सिडी भी दे तो पानी तो दे नहीं सकती है लेकिन फसल के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती। अगर हम नुकसान सहन करेंगे तो यह किसानों को गलत दिशा में ले जाएगा। नुकसान करीब 33 हजार करोड़ रुपये का है। एनडीआरएफ की गाइडलाइन के मुताबिक सरकार ने 17900 करोड़ रुपये का मुआवजा मांगा है अगर यह पूरा मिलता है तो भी किसानों को 16 हजार करोड़ का नुकसान होगा। फसल बीमा पूरे नुकसान की भरपाई नहीं कर सकता। ऐसे में किसानों की सुरक्षा करना सरकार और विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी है। कृषि विश्वविद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। देश भोजन के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि उनके लिए भोजन का उत्पादन किया जाना चाहिए।

### नई फसलों पर जोर

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि कृषि पृष्ठभूमि से आने के कारण मैं किसानों की दुर्दशा जानता हूं। किसान साल भर खेतों में काम करते हैं। इन मजदूरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि विश्वविद्यालयों को और अधिक शोध करना चाहिए। विश्वविद्यालयों में स्नातकों को तैयार करने के साथ-साथ शोध पर भी अधिक जोर दिया जाना चाहिए। स्वास्थ्य कारणों से अनाज और सूरजमुखी सहित विभिन्न फसलों की अत्यधिक मांग रही है। जिन अनाजों की अधिक मांग है उनकी खेती करने के लिए किसानों में जागरूकता पैदा की जानी चाहिए। किसानों की उपज के लिए अधिक विपणन व्यवस्था उपलब्ध करायी जानी चाहिए। हमारी सरकार किसानों को हर प्रकार का सहयोग प्रदान करती है। सरकार कृषि विश्वविद्यालयों को नई किस्में, नए शोध करने के लिए अधिक पैसा देने को भी तैयार है। हमारी सरकार ने कृषि भाग्य योजना पुनः लागू की है। नई प्रजातियाँ उगाने से किसान अधिक उपज प्राप्त करते हैं। किसानों को अनेक फसलें उगाने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। आज जिन किसानों को सम्मानित किया गया है उनकी उपलब्धियां किसानों के लिए आदर्श होनी चाहिए। बेंगलूरु एयरपोर्ट रोड के जीकेवीके परिसर में चल रहा यह कृषि मेला 20 नवम्बर तक चलेगा। यहां किसानों के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई है, नवाचार को प्राथमिकता दी गई है, नए अविष्कारों का यहां प्रदर्शन किया गया है। खेती किसानी के सभी वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया है।



बेंगलूरु में शुक्रवार को भाजपा के केन्द्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम उपस्थित में विधायक दल की बैठक हुई।

# आर अशोक को विधानसभा में विपक्ष का नेता चुना गया

## बीजेपी विधायकों की बैठक में सर्वसम्मति से फैसला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। पूर्व उपमुख्यमंत्री वरिष्ठ भाजपा विधायक आर. अशोक को विधानसभा में विपक्ष का नेता चुना गया है। शुक्रवार शाम शहर के एक निजी होटल में आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक में अशोक को सर्वसम्मति से चुना गया। विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केन्द्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम उपस्थित थे।

विधायक दल की बैठक से पहले पर्यवेक्षकों ने पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और बीएस येडीयुरप्पा से मुलाकात की और इस मामले पर चर्चा की। बाद में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा समेत कुछ नेताओं को बुलाया और लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार चयन और तैयारियों पर चर्चा की। ज्यादातर नेताओं ने वरिष्ठ नेता अशोक को विधायक दल का नेता चुनने पर



प्रतिपक्ष के नेता चुने जाने पर आर अशोक का स्वागत करते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा।

अपनी राय-सुझाव दिये। बाद में विधानमंडल की बैठक में दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि वरिष्ठों के निर्देशानुसार नेता के चयन के लिए राय ली गयी और पूर्व उपमुख्यमंत्री अशोक को नेता प्रतिपक्ष चुनने पर सहमति बनी।

चुनाव के बाद पिछले छह महीने से बीजेपी ने विधायक दल का नेता नहीं चुना था जिसकी अन्य पार्टियों के नेताओं द्वारा आलोचना की जा रही थी। हाल ही में विजयेंद्र येडीयुरप्पा की नियुक्ति के तुरन्त बाद प्रतिपक्ष का नेता चुना गया है। अशोक की नियुक्ति के साथ ही येडीयुरप्पा को पार्टी में फिर से बढ़त हासिल हो गई है। ऐसा कहा जाता है कि अशोक, जो हमेशा अपने गुट में पहचाने जाते थे, को अंततः जेडीएस के साथ गठबंधन को मजबूत करने के लिए चुना गया, भले ही राष्ट्रीय स्तर पर कुछ लोगों का विरोध था।

अशोक ने लगातार सात बार विधानसभा में प्रवेश किया है। विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्वितरण से पहले, अशोक उत्तरहल्ली निर्वाचन क्षेत्र से और फिर पद्मनाभनगर निर्वाचन क्षेत्र से लगातार सात बार विधानसभा में प्रवेश कर चुके हैं। उन्होंने एचडी कुमारस्वामी, बी.एस. येडीयुरप्पा, सदानंद गौड़ा, जगदीश शेट्टर और बसवराज बोम्मई ने नेतृत्व में मंत्री, उप मुख्यमंत्री और मंत्री के रूप में कार्य किया है। गत विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार के खिलाफ कनकपुरा विधानसभा क्षेत्र से भी चुनाव लड़ा था और अपना पुराना निर्वाचन क्षेत्र बरकरार रखते हुए शिवकुमार से हार गए थे।



# दपरे के बेंगलूरु मंडल ने आग से सुरक्षा के लेकर किए जागरूकता कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) के बेंगलूरु मंडल के मंडल रेल प्रबंधक योगेश मोहन ने शुक्रवार को ट्रेनों और रेलवे परिसरों में अग्नि सुरक्षा के संबंध में की गईं गतिविधियों को लेकर मंडल कार्यालय में मीडिया को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेंगलूरु मंडल में व्यापक अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान और अन्य गतिविधियां आयोजित की गई हैं। उन्होंने रेलयात्रियों से राष्ट्रहित और यात्रीहित में ज्वलनशील चीजें ले जाने से परहेज करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रणाली ज्वलनशील चीजें ले जाने के लिए नहीं बनाई गई है। उन्होंने बताया कि ट्रेन में पटाखे और ज्वलनशील पदार्थ ले जाना रेलवे अधिनियम के तहत अपराध है। ऐसी गतिविधि में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यात्रियों से चलती ट्रेनों और रेलवे परिसर में धूम्रपान न करने का आग्रह किया।

योगेश मोहन ने बताया कि इस साल अप्रैल से अक्टूबर तक पटाखे और ज्वलनशील चीजें ले जाने पर रेलवे अधिनियम की धारा 164 के तहत पांच मामले दर्ज किए गए हैं। ट्रेनों और रेलवे परिसरों में धूम्रपान करने पर रेलवे अधिनियम की धारा 167 के तहत 258 मामले दर्ज हुए हैं।

अभियान के हिस्से के रूप में आग की घटनाओं से बचने के लिए 'धूम्रपान निषेध' लागू करने जैसी सावधानियों के बारे में शिक्षित करने की पहल की गई है। रेलवे परिचालन से संबंधित कर्मियों और जनता को भी अग्निशामक यंत्रों के उपयोग के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

वाणिज्यिक, रेलवे सुरक्षा बल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल विभागों के अधिकारियों और पर्यवेक्षकों द्वारा सुरक्षा अभियान चलाया गया। अधिकारियों द्वारा 110 निरीक्षण और पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों द्वारा 1,600 से अधिक निरीक्षण किए गए। इस अभियान में 30 स्टेशनों और 191 ट्रेनों को शामिल किया गया।

# आभूषण दुकान में चोरी, पुलिस राजस्थान से पकड़ कर लाई आरोपी कर्मचारी को

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। गत दिनों स्वर्ण आभूषण के एक व्यापारी ने अपनी शिकायत में बताया था कि उनकी दुकान से लाखों रुपए मूल्य के सोना व चांदी की चोरी हो गई है। पुलिस ने नगरथपेट के व्यापारी अरविन्द की शिकायत पर एक विशेष टीम का गठन किया था। अरविन्द ने अपनी शिकायत में बताया था दुकान में हुई चोरी में उनके यहां काम करने वाले राजस्थानी मूल का हाथ हो सकता है। पुलिस ने बताया कि उनकी दुकान दशहरा पर रात में बंद की गई। दशहरा होने के चलते अगले दो दिन छुट्टी थी। दुकान में काम करने वाला राजस्थानी मूल का केसाराम ने चाबी को बेग में रख दिया। दुकान के मालिक अरविन्द ने केसाराम को बताया कि वह दो दिन मुम्बई जा रहा है और तीसरे दिन उनका बेटा दुकान खोलने आएगा तब चाबी ले आएगा। इसी बीच मौका देखकर चुपके से केसाराम ने दुकान की चाबी बेग से निकाल ली। मालिक अरविन्द को खाली बैग पकड़ा दिया जिसकी उनको भनक नहीं लगी।

29 अक्टूबर के दिन केसाराम ने अपने अन्य दो मित्रों राकेश एवं अन्य की मदद से दुकान चाबी से



खोली और वहां रखा 4 किलो सोना, 39 किलो चांदी और नौ लाख रुपए नकद लेकर राजस्थान अपने गांव चला गया। जब अगले दिन अरविंद का बेटा दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो देखा बैग में चाबी नहीं है और दुकान का कर्मचारी भी अनुपस्थित था तो उन्होंने अपने पिता को सूचित किया। बाद में सारी घटना सामने आई। पुलिस इंस्पेक्टर उनकेत वजंतरी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम राजस्थान गई और केसाराम व राकेश को पकड़कर यहां लाई। उनका तीसरा साथी अभी भी फरार है। पुलिस ने इनके पास से 1 किलो सोना, 6.5 किलो चांदी और 5 लाख 5 हजार रुपए नकद जब्त किए।

# भाजपा परिवार की पार्टी नहीं बननी चाहिए : यतनाल

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा एक परिवार की पार्टी नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कर्नाटक के दिग्गज नेता बी.एस. येडीयुरप्पा के बेटे विजयेंद्र



येडीयुरप्पा को भाजपा की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। विजयपुरा से विधायक यतनाल ने कहा कि अगर भाजपा एक परिवार की पार्टी बन जाती है तो न तो पार्टी और न ही हिंदू कार्यकर्ता इसे स्वीकार करेंगे। उन्होंने यह मांग भी रखी कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उत्तरी कर्नाटक से होना चाहिए।

विधानसभा और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष चुनने के लिए होने वाली बैठक से पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम और कर्नाटक भाजपा के महासचिव (संगठन) राजेश जीवी ने यतनाल से उनके आवास पर मुलाकात की, जिसके बाद वह पत्रकारों से बात कर रहे थे। यतनाल ने कहा कि उन्होंने भाजपा नेताओं को उन लोगों के बारे में विस्तार से बताया जिन्होंने मई में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान समझौता करके पार्टी को धोखा दिया, जिससे पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।

यतनाल ने यह भी कहा कि उन्होंने नेताओं को यह भी बताया कि किस तरह पार्टी लोगों के एक वर्ग पर केंद्रित होकर रह गई।

येडीयुरप्पा के मुखर आलोचक यतनाल ने कहा, वे कई सच्चाइयों से वाकिफ नहीं थे। जबकि अन्य लोग डरे हुए हैं, मैंने उन्हें समझाया कि कर्नाटक में क्या हुआ था क्योंकि मैं न्याय, राजनीति में नैतिकता और पार्टी के हितों में दृढ़ता से विश्वास करता हूं... मैंने उनसे कहा कि भाजपा को एक परिवार की पार्टी नहीं बनना चाहिए। हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। इसे न तो भाजपा कार्यकर्ता स्वीकार करेंगे और न ही हिंदूवादी कार्यकर्ता।

# ब्रिगेड एंटरप्राइजेज ने 2,100 करोड़ की बेंगलूरु हाउसिंग परियोजना के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए

बेंगलूरु। ब्रिगेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने बेंगलूरु में आवासीय आवास परियोजना के लिए कृष्णा प्रिया एस्टेट्स और माइक्रो लैब्स के साथ 2,100 करोड़ रुपये के संयुक्त विकास समझौते पर हस्ताक्षर किए। बेंगलूरु स्थित रियल एस्टेट कंपनी यलहंका में लगभग 2 मिलियन वर्ग फुट आवासीय आवास विकसित करेगी, जो 14 एकड़ में फैला हुआ है।

ब्रिगेड एंटरप्राइजेज के प्रबंध निदेशक पवित्र शंकर ने कहा कि इस परियोजना को गुणवत्ता और स्थिरता के लिए ग्राहकों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन और क्रियान्वित किया जाएगा। अगले वर्ष में, संपत्ति डेवलपर के पास बेंगलूरु, हैदराबाद में लगभग 13 मिलियन वर्ग फुट की पाइपलाइन है। बेंगलूरु स्थित माइक्रो लैब्स एक फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशन और सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई) निर्माता और वितरक भी है।


भोजपुरी समाज सेवा समिति (रजि) बेंगलूरु

के द्वारा आयोजित

भव्य छठ पूजा समारोह

में आप सपरिवार, इष्ट मित्रों के साथ सादर आमंत्रित हैं।

स्थान : नन्दन फुटबॉल ग्राउंड, पलमग्रोव रोड विक्टोरिया लेआउट, आस्टिन टाऊन, बेंगलूरु

रविवार, 19 नवम्बर 2023 दोपहर 3 से रात्रि 9 बजे तक

छठ पूजा गीत : मशहूर भोजपुरी गायकों द्वारा

छठ पूजा - शाम 4.00 बजे से, संध्या अर्घ्य - शाम 5.23 बजे

भजन संध्या - सुश्री श्रेयासिंह, अजयसिंह एवं पार्टी

त्यागी ग्रुप (बिल्डर) द्वारा प्रायोजित

सोमवार, 20 नवम्बर 2023

प्रातः काल अर्घ्य : प्रातः 06.29 बजे

प्रसाद वितरण : प्रातः 6.30 से 8 बजे तक

निवेदक

संजय सिंह उज्जैन, संस्थापक अध्यक्ष, 9743997154

राकेश पटेल, महामंत्री एवं अध्यक्ष ट्रस्ट बोर्ड, 9880823800

अरमेन्द्र ओझा, पूजा अध्यक्ष, 99007 81759

शशि भूषण झा, प्रबंधक छठ पूजा महोत्सव, 89518 56616

नोट : पूजा स्थल पर किसी प्रकार की आतिशबाजी न करें।



भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)
इसरो टेलिमेट्रि ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क (इस्ट्रैक)
(निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग)
प्लांट नं. 12 एवं 13, तीसरा मेन, द्वितीय फेज, पीण्या औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलूरु-560058
फैक्स : 080-28094180, फोन : 080-28094182,4541

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से समुचित वर्ग के ठेकेदरों से एनआईटी में निम्नलिखित कार्यो के लिए नग दर ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | आईडीएसएन परिसर, बैलालु, ईस्ट्रक, बेंगलूरु में पुराने जीसैट भवन से पैनलों, आइसोलेशन ट्रांसफार्मर और केबलों को नए जीसैट भवन में स्थानांतरित करने का कार्य। |
| ई-निविदा सूचना सं | इस्ट्रैक/सीएमजी/ई/एमएआईएनटी/ई-निविदा-64/2023-24 दिनांक 17.11.2023 |
| निविदा का अनुमानित मूल्य | रु. 7.93 लाख |
| निविदा दस्तावेज विवरण | ई-निविदा |
| कार्यादेश जारी होने के 15 दिन बाद की तिथि से गिनी जाने वाली कार्य समापन अवधि | 01 (एक) माह |
| निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | 18.11.2023 को 16.00 बजे से 28.11.2023 को 16.00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण | 19.11.2023 को 11.00 बजे से 29.11.2023 को 16.00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण के जवाब देने की अंतिम तारीख | 30.11.2023 को 16.00 बजे तक |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय | 01.12.2023 को 16.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की नियत तारीख और समय | 04.12.2023 को 11.00 बजे से |
| अग्रदाय रकम जमा (ईएमडी) | रु. 15,860.00 |

पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए इच्छुक निविदाकार विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (एनआईटी) देंखे जिसे वेबसाइट www.isro.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। बोली प्रपत्र औप अन्य ब्यौरे वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

ह/- समूह प्रमुख-सीएमजी



आमंत्रण पत्र

श्री मरुधरा जैन संघ, बेंगलोर

सादर जय जिनेन्द्र के साथ सभी सदस्यों से अनुरोध है कि श्री संघ का 30 वाँ स्नेह मिलन रविवार, दिनांक 19-11-2023 को रखा गया है, अतः चामराजपेट(मराटा होस्टल), चिक्कलालबाग, राजाजीनगर (वडेयार बेकरी के पास) के आगे से बसों की व्यवस्था प्रातः 7.30 बजे से 9.00 बजे तक रहेंगी, इस आमंत्रण पत्र को संघ का अनुरोध समझ कर सपरिवार अवश्य पधारे।

स्नेह मिलन के संपूर्ण लाभार्थी

स्व.श्री बादरमलजी - स्व. श्रीमती चुकीबाई सालेचा, स्व. श्री मुल्तानमलजी सालेचा, स्व. श्रीमती सरस्वतीबाई सालेचा (धर्मपत्नी भँवरलालजी सालेचा) के शुभ आशीर्वाद से एवं श्रीमती रंबाबाई सालेचा की सद प्रेरणा से शा. अमृतलालजी, दलपतराजजी, कांतीलालजी, नेमीचंदजी, भँवरलालजी, पारसमलजी, सुरेशकुमारजी, चन्द्रप्रकाशजी, यशवंतकुमारजी, जीतेन्द्रकुमारजी, किरणकुमारजी, कमलेशकुमारजी, हितेषकुमारजी, नीतेशकुमारजी, अभीषेकजी, प्रशांतजी, भावेशजी, सौरभजी, सुनीलजी, पुनीतजी, रोहीत, कुनाल, गौरव, हर्ष, नींव, चयन, दिव्यांश, क्रित, युवान, विधुत - बेटा-पोता : शेषमलजी सालेचा एवं समस्त उमाजी सालेचा परिवार, मरुधर में मजल निवासी - बेंगलोर

निवेदक

| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सचिव | सह सचिव | कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|---|---|
| डुंगरमल पारख | कांतिलाल मुणोत | विनोद भुरट | रमेशकुमार सालेचा | उत्तमचन्द सालेचा |
| 98452 81040 | 99005 41054 | 98452 19511 | 94489 50186 | 98440 28770 |

एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यगण

स्नेह मिलन स्थल: BHIKSHU DHAM

Bhikshu Nagar, Adakamaranahalli, Tumkur Road Cross Post, Makali, Bangalore - 562123.
Ph : 080-23712529 Note : Nearest Metro Station - Nagasandra 7 km to Bhikshu Dham

# जो गरीबों के राशन तक खा जाता है, वो कभी राजस्थान का भला नहीं कर सकता : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अजमेर। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह ने अजमेर के विजयनगर में जनसभा को सम्भोदित करते हुए कहा जो गरीबों के राशन तक खा जाता है, वो कभी राजस्थान का भला नहीं कर सकता।गहलोत सरकार ने काली-सिंध बांध के नाम पर ढाई सौ करोड़ रुपये का घोटाला किया।राशन में भी एक हजार करोड़ रुपये का घपला किया।इन्होंने पूरे राजस्थान को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बनाकर रखा है, इसलिए ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना है।

अमित शाह ने कहा आने वाले चुनाव में जब वोट डालें, तो ये मत सोचिएगा कि किसी को विधायक बनाने जा रहे हैं, भाजपा की सरकार बनाने जा रहे हैं।आपका एक वोट पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए है।आपने पांच साल तक कांग्रेस की सरकार देखी है, इन पांच साल में कांग्रेस ने सबसे बड़ा काम भ्रष्टाचार करने का काम किया है। शाह ने गहलोत सरकार पर हमला करते हुए कहा अपराध, तुष्टिकरण, महिलाओं और दलितों पर अत्याचार के मामले में भी राजस्थान पहले नंबर पर है।भ्रष्टाचार के मामले में भी नंबर वन है।महिलाओं से दुष्कर्म के मामले में भी नंबर वन है।पेपर लीक के मामले में भी नंबर वन है।गहलोत सरकार ने राजस्थान के लोगों का जीना हराम कर दिया है।

अजमेर के विजयनगर में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 5 साल में जितने पेपर लीक हुए है उससे राजस्थान के 1 करोड़ 40 लाख युवाओं का जीवन बर्बाद हो गया। कांस्टेबल भर्ती का पेपर, ञ्ख भर्ती का पेपर, चिकित्सा अधिकारी का पेपर, वन रक्षक भर्ती का पेपर लीक हुआ.... जिन्होंने इतने पेपर लीक करवाए वो क्या राजस्थान का भला कर सकते हैं?... गहलोत सरकार के राज में माताएं और बहनें असुरक्षित हैं ।उन्होंने कहा, ''एटीएम में कार्ड डालो तो पैसा निकलता है इन्होंने पूरे राजस्थान को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बना कर रखा है। कांग्रेस पार्टी को जब भी पैसा चाहिए उनके नेता दिल्ली से आकर कार्ड डालते है और पैसा निकाल कर ले जाते है।'' उन्होंने कहा कि अपराध, तुष्टिकरण और महिलाओं और दलितों के अत्याचार में भी यह राजस्थान पहले नंबर पर रहा है। उन्होंने कहा आज राजस्थान भ्रष्टाचार में नंबर वन है। राजस्थान महिला दुष्कर्म में, साइबर क्राइम, बिजली दर में, महंगाई के इंडेक्स में, पेट्रोल डीजल के दाम में, पेपर लीक में, और मंडी के टेक्स में भी नंबर वन है। उन्होंने कहा,'अशोक गहलोत की सरकार ने राजस्थान के लोगों का जीना हराम करके रखा है।' उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में वापस आती है तो पीएफआई जैसे संगठनों को खुली छूट मिल जाएगी। भाजपा नेता ने कहा,'कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण की इंतेहा कर दी है.. इतने सालों से कांग्रेस पार्टी राम मंदिर के मुद्दे को लटका रही थी.. अटका रही थी.. भटका रही थी.. मोदी जी आये .. मोदी जी ने राम जन्म भूमि के मुद्दे को समाप्त किया वहां भूमि पूजन करके मंदिर की नींव रखने का काम किया।'

# स्मृति ईरानी ने भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था और महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर राजस्थान सरकार पर निशाना साधा

जयपुर/दक्षिण भारत। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर बृहस्पतिवार को भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और कानून-व्यवस्था तथा महिलाओं के खिलाफ अपराध सहित विभिन्न मुद्दों पर निशाना साधा। टोंक के देवली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार विजय बैंसला और राजसमंद के चारभुजा में पार्टी प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह राठौड़ के समर्थन में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए ईरानी ने विधानसभा चुनावों को महिलाओं के सम्मान की लड़ाई बताया। ईरानी ने प्रदेश में एक ऐसी सरकार की आवश्यकता पर जोर दिया जो महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दे। उन्होंने वादा किया, भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए ठोस कदम उठाएगी।



ईरानी ने जनता को भाजपा के सत्ता में आने पर महत्वपूर्ण लाभ देने का आश्वासन दिया जिनमें किसानों को वार्षिक वित्तीय सहायता में वृद्धि, महिलाओं के लिए किफायती दर पर गैस सिलेंडर, नवजात बच्चियों के लिए बीमा और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली लड़कियों को स्कूटी देने का वादा शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता शेर की पार्टी से हैं और वे डरने वाले नहीं हैं। ईरानी ने कहा, जिनके नेता मूर्ख हैं उन्हें डर लगता है। हम शेरों की पार्टी के कार्यकर्ता हैं।



# भारत को वैश्विक महाशक्ति और अत्मनिर्भर बनाने का सपना केवल भाजपा ही कर सकती है पूरा : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दावा करते हुए कहा है कि देश को वैश्विक महाशक्ति बनाने और आत्मनिर्भर भारत का सपना केवल भाजपा ही पूरा कर सकती है। गडकरी ने शुक्रवार को जयपुर के झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने लिए नहीं बल्कि देश के लिए काम करते हुए वह देश के हर एक नागरिक की मजबूती के लिए काम करती है। इसलिए इस चुनाव से ना केवल राजस्थान का बल्कि भारत का भी भाग्य बदलने वाला है।

उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील भी की। कर्नल राठौड़ ने आज हाथोज, माचवा, चम्पापुरा, रूंझया मोड़, इंदिरा कॉलोनी, भरत अपार्टमेंट, टैगोर नगर, करणी पैलेस, सिरसी मोड़, सिवार, बिन्दायका, मुकुंदपुरा, नटलालपुरा, श्रीरामपुरा, मीणा वाला, धाभास में जनसंपर्क कर जनता से भाजपा के पक्ष में वोट मांगे।

उन्होंने कहा कि एक और जहां केन्द्र में भाजपा की मोदी सरकार लगातार देश को मजबूत बनाने का काम कर रही है, वहीं प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पिछले पांच साल कुर्सी बचाने के लिए भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार के चलते सरकार ने जनता की मेहनत की कमाई को जमकर लूटा, प्रदेश में विकास कार्य ठप रहे, भ्रष्टाचार से बनी सड़के पहली बरसात में ही बह गई और प्रदेश की जनता तक पीने का पानी भी नहीं पहुंच पाया। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अगले पांच सालों में झोटवाड़ा में सीवरेज, सड़क, हाईटेंशन लाईन को भूमिगत करने और हर घर में नल से पीने का पानी आने सहित विकास के वो सभी काम होंगे जो पिछले पन्द्रह सालों में भी नहीं हो पाए।

# भाजपा के घोषणापत्र में कोई दम नहीं : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी घोषणापत्र में कोई दम नहीं है और इससे जनता को बहुत ही निराशा हुई है। भाजपा के घोषणापत्र के बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने यहां मीडिया से कहा,नयापन तो है नहीं। मेरे हिसाब से तो उन्होंने गृहकार्य भी नहीं किया। क्योंकि जो योजनाएं हमारी पहले से ही लागू हैं या हमने लागू करने की गारंटी दी है उसी को घुमा फिराकर लिखा गया है। घोषणापत्र में कोई दम नहीं है और इससे जनता को बहुत निराशा हुई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र (संकल्प पत्र) बृहस्पतिवार को जारी किया जिसमें युवाओं को पांच साल में 2.50 लाख सरकारी नौकरी देने और गरीब परिवारों की महिलाओं को 450 रुपये में एलपीजी सिलेंडर देने का वादा किया गया है।

गैस सिलेंडर की घोषणा पर गहलोत ने कहा,हमारे दबाव में केंद्र सरकार ने पहले सिलेंडर पर 200 रुपये कम किए। अब ये 450 की बात कर रहे हैं। साढ़े चार सौ की बात मध्य प्रदेश में भी की गई है। भाजपा का मकसद तो केवल उज्ज्वला वालों तक सीमित है, हम उससे आगे बढ़ गए हैं। हमने नई गारंटी में कहा है कि उज्ज्वला योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अधीन आने वाले परिवारों को मिलाकर 1.05 करोड़ परिवारों को 500 रुपये में सिलेंडर देंगे गहलोत ने कहा,ये तो अभी पीछे-पीछे चल रहे हैं इनका गृहकार्य ठीक नहीं है। इनके घोषणापत्र के किसी भी बिंदु में दम नहीं है। हमारा घोषणापत्र भी भारी पड़ेगा, हम खुद भी भारी पड़ रहे हैं। इनके पास आरोप लगाने के लिए कुछ नहीं हैं।' राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 25 नवंबर को होना है, जबकि वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।



# राजस्थान में भाजपा बिखरी हुई पार्टी : प्रियंका गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बिखरी हुई पार्टी बताते हुए कटाक्ष किया कि यहां के बड़े-बड़े नेताओं को किनारे कर दिया गया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने नाम पर वोट मांग रहे हैं। वे सागवाड़ा (डूंगरपुर) में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा,आज अगर आप भाजपा को देखें तो वह राजस्थान में बिखरी हुई पार्टी है। उनसे पूछिए कि मुख्यमंत्री के रूप में उनका चेहरा कौन है? वे इसका भी जवाब नहीं दे सकते। प्रधानमंत्री मोदी जी प्रदेश के कोने-कोने में घूम रहे हैं। कभी-कभी लगता है कि वे अपने मुख्यमंत्री का चेहरा ढूंढ़ने निकले हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि उन्हें अपने नेताओं पर विश्वास नहीं है, वे अपने नाम पर वोट मांग रहे हैं। प्रियंका ने कहा, तो आपका प्रदेश चलाएगा कौन? मोदी जी तो दिल्ली से नहीं आएंगे इसे चलाने के लिए। इसे चलाने के लिए राजस्थान का कोई चाहिए। उनके बड़े बड़े नेताओं को परे कर दिया गया है। वे अपने नाम पर वोट मांग रहे हैं।

प्रियंका ने कहा,आपने गहलोत की सरकार देखी है। पांच साल से जैसा कि गहलोत कहते रहे हैंआप मांगते-मांगते थक जाओगे, लेकिन मैं देने में नहीं थकूंगा। उनकी यह नीयत है। कांग्रेस पार्टी का यही सिद्धांत है। लोगों से सोच समझ कर वोट करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अगर राजनीति में जज्बातों और धर्म का इस्तेमाल हो रहा है, तो आपको सावधान होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में किसान परेशान हैं और लोग महंगाई से त्रस्त हैं। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 25 नवंबर को होगा।

# मोदी झूठ का जगतगुरु : रमेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें झूठ का जगतगुरु करार दिया है। रमेश ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है और भाजपा के घोषणा पत्र में कम से कम 20 झूठ हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान चुनाव चेहरे का नहीं बल्कि विरोधी विचारधारा का चुनाव है। उन्होंने राज्य में गहलोत सरकार 500 रूपये में सभी को सिलेंडर उपलब्ध करा रही है जबकि भाजपा के घोषणा पत्र में उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 450 में सिलेंडर दिये जाने की बात कही गई जो गुमराह करती है। उन्होंने कहा कि अन्य योजनाओं के लिये भी भाजपा अब मोदी गारंटी का सहारा ले रही है जबकि राजस्थान की गहलोत सरकार नई सात गारंटी के साथ चुनावी मैदान में है और इन गारंटी को सरकार बनने के पहले ही दिन से लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनकल्याण योजना और गारंटी राहत के दम पर जनादेश मांगा जा रहा है और दावा है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बहुमत से बनेगी।

उन्होंने भाजपा नेताओं पर ध्रुवीकरण करने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं कांग्रेस से घबरा रहे हैं, बौखला रहे हैं और मतदान का बटन फांसी की सजा मिलने की तरह दबाने का बयान दे रहे हैं। रमेश ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को कांग्रेस के लिए संगठनात्मक दृष्टि से अच्छा बताते हुए कहा कि इससे नई शक्ति और ऊर्जा का संचार हुआ।



# राजस्थान में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनेगी : पायलट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि राज्य में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी। अपने निर्वाचन क्षेत्र टोंक में मीडिया से बातचीत में पायलट ने भरोसा जताया कि इस बार राजस्थान में दोबारा कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। इसके साथ ही पायलट ने कहा,भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व को चिंता है क्योंकि उनके स्थानीय नेतृत्व के अभियान में दम नहीं दिख रहा। दिल्ली के नेता आ रहे हैं, सब मंत्री-संतरी.. प्रधानमंत्री भी आ रहे हैं, फिर भी जनता की कोई प्रतिक्रिया उन्हें नहीं मिल रही।' पायलट ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता लोगों को बांटने की मानसिकता को आगे बढ़ाने का काम करते हैं, लेकिन जनता समझदार है और वह इन बातों में फंसने वाली नहीं है। उन्होंने कहा,वे कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन यहां पलड़ा कांग्रेस का भारी रहेगा। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के मतदान में हिंसा की खबरों पर पायलट ने उम्मीद जताई कि निर्वाचन आयेग सख्त कार्रवाई करेगा। पायलट ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए, लोकतंत्र हमारे देश में एक पर्व की तरह होता है, सबको अधिकार है वोट डालने का। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 25 नवंबर को होना है जबकि वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

## प्रचार



जयपुर में शुकवार को विद्याधरनगर में चुनाव प्रचार करती भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी।



# वसुंधरा राजे ने त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना की

जयपुर/दक्षिण भारत । पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शुक्रवार को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के प्रसिद्ध त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी निकुंज मोहन पंड्या ने उन्हें मंदिर के गर्भगृह में देवी त्रिपुरा सुंदरी की प्रतिमा के सामने पूजा कराई। वह करीब 20 मिनट तक मंदिर में रहीं। भाजपा जिला अध्यक्ष लाभचंद पटेल और हकरू मईडा, बलवीर रावत, राजेश कटारा, नरेंद्र वैष्णव, मुकेश शर्मा और दीप सिंह सहित अन्य नेता राजे के साथ बांसवाड़ा शहर से लगभग 14 किलोमीटर दूर स्थित मंदिर में गए।

# सवाई माधोपुर सीट पर कांग्रेस, भाजपा, निर्दलीय उम्मीदवार के बीच त्रिकोणीय मुकाबला

विधानसभा चुनाव



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सवाई माधोपुर।राजस्थान विधानसभा चुनाव में, रणथम्भौर बाघ अभयारण्य के पास स्थित इस शहर में चुनावी मुकाबले में पारिस्थितिकी या पर्यावरण के मुद्दे नहीं, बल्कि जातीय समीकरण निर्णायक हो सकते हैं। सभी की नजरें सवाई माधोपुर सीट पर है, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा और कांग्रेस के मौजूदा विधायक दानिश अबरार चुनाव मैदान में हैं। मीणा समुदाय, मुसलमानों और गुर्जरों की अच्छी खासी तादाद वाले इस निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा की बागी नेता आशा मीणा ने मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। आशा भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं। साल 2018 के विधानसभा चुनाव में वह भाजपा के टिकट पर अबरार से हार गई थीं।

यह पूर्वी राजस्थान की महत्वपूर्ण सीट है और त्रिकोणीय मुकाबला होने के कारण सभी की निगाहें इस पर टिकी हुई हैं। सवाई माधोपुर में 2,36,199 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें से 1,63,584 ने साल 2018 में हुए चुनाव में मतदान किया था। उस चुनाव में कांग्रेस के अबरार ने 85,655 वोट हासिल कर भाजपा की आशा को 25,000 से अधिक मतों से हराया था।

अबरार को मुसलमानों, गुर्जरों और अन्य समुदायों से अच्छी-खासी संख्या में वोट मिले थे, जबकि मीणा समुदाय के ज्यादातर मतदाताओं ने आशा मीणा को वोट दिया था। इस बार अबरार को गुर्जर वोट पाने में मुश्किल हो रही है क्योंकि उन्होंने 2020 में अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ बगावत में सचिन पायलट का साथ नहीं दिया था।

वहीं, भाजपा उम्मीदवार मीणा समुदाय के वोटों के विभाजन का सामना कर रहे हैं क्योंकि समुदाय आशा के स्थानीय होने के कारण उनका समर्थन कर रहा है। भाजपा ने आस-पड़ोस के निर्वाचन क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए मीणा समुदाय के दिग्गज नेता किरोड़ी लाल मीणा (72) को मैदान में उतारा है। इसके अलावा, आदिवासी समुदाय में भी उनका दबदबा है। किरोड़ी लाल मीणा को डॉक्टर साहब और बाबा जैसे उपनामों से जाना जाता है। वह हाल में राज्य की राजनीति के केंद्र में रहे हैं क्योंकि उनके नेतृत्व में भाजपा ने भ्रष्टाचार को लेकर गहलोत सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है। ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां अक्सर उनके आरोपों पर कार्रवाई करती रही हैं और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसका हवाला देते हुए भाजपा पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

# गंगानगर में फिर गर्माया मादक पदार्थों के इस्तेमाल का मुद्दा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गंगानगर। रमेश कुमार ने बीकानेर में काम करने के दौरान हेरोइन का इंजेक्शन लेना शुरू कर दिया था और पांच साल तक वह हेरोइन के नशे की गिरफ्त में रहा। इसके बाद उसने नशा छोड़ने का फैसला किया। हालांकि शुरुआत में नशा नहीं करने पर वह बेहद परेशान हो जाता था और कभी-कभी तो उसे गंभीर अवसाद का सामना करना पड़ता था। हेरोइन की भयावह लत से जूझने के बाद कुमार अब सही जीवन जीने की कोशिश कर रहा है। गंगानगर में, कुमार जैसे कई लोग हैं, जो सीमा पार से जिले में लाए जा रहे मादक पदार्थों का शिकार होने के बाद अब ठीक होने की उम्मीद में नशा मुक्ति केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ, भारत-पाकिस्तान सीमा के करीब स्थित गंगानगर जिले के स्थानीय लोग मादक पदार्थों की समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। पुनर्वास केंद्र में इलाज करा रहे कुमार ने सरकार से जिले में मादक पदार्थों के इस्तेमाल को खत्म करने के लिए सक्रिय रूप से काम करने का आग्रह किया। कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, मुझे हेरोइन की लत थी। मैं बीकानेर में नौकरी करता था और मेरे दोस्तों ने मुझे वहां इसका इस्तेमाल करने के लिए कहा। शुरू में, मैंने कभी-कभी इसका इस्तेमाल किया, लेकिन बाद में मुझे इसकी लत लग गई। मैं खुद को रोक नहीं पाता था और जब रोकती था तो मुझे सिरदर्द, पेट दर्द, मतली होने लगती थी। काम पर जाने या कुछ और करने की कोई इच्छा नहीं होती थी और अंततः मैंने नौकरी छोड़ दी। कुमार ने कहा, जिस तरह यहां के डॉक्टर इस क्षेत्र में मादक पदार्थों के मुद्दों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए जागरूकता शिविर लगाते हैं, उसी तरह सरकार को भी इसमें योगदान देना चाहिए।

# स्वच्छता और सुरक्षा का मानक बने छठ महापर्व: योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठ पर्व को 'स्वच्छता और सुरक्षा' के मानक पर्व के रूप में आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व पर पूजा/अनुष्ठान के दौरान पूरे प्रदेश में स्वच्छ्ता का माहौल हो, इसके लिए नगर विकास और पंचायती राज विभाग द्वारा विशेष प्रयास किये जायें। लोगों की आस्था का यथोचित सम्मान करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि नदियां/जलाशय दूषित न हों। लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक म प्रयोग न करने के लिए जागरूक करें। उन्होने कहा कि उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए रात्रि 1-2 बजे से ही श्रद्धालुओं/व्रतियों का आवागमन प्रारंभ हो जाता है, ऐसे में हर जगह समुचित प्रकाश व्यवस्था कराई जाए। नदी/जलाशय घाटों की साफ-सफाई करा लें और ट्रैफिक प्रबंधन भी किया जाए।

नगर विकास मंत्री, महापौर लखनऊ, कृषि उत्पादन आयुक्त, एसडीजी कानून-व्यवस्था, प्रमुख सचिव नगर विकास, पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी व नगर आयुक्त लखनऊ के साथ तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में छठ के बीच स्वच्छ्ता के दृष्टिगगत 'स्वच्छ घाट' प्रतियोगिता भी कराई जानी चाहिए। पर्व पर आतिशबाजी की परंपरा है, ऐसे में यह ध्यान रखें कि भीड़ भाड़ के बीच आतिशबाजी न हो। सुरक्षा के दृष्टिगत सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाए। इस अवसर पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति होनी चाहिए।



## बिहार में गूंज रहे हैं छठी मैया के गीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/वार्ता।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे बिहार में छठी मैया के गीत गूंज रहे हैं।

लोकआस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ आज से शुरू हो गया है। लोग छठ पर्व केअनुष्ठान की तैयारी में जुट चुके हैं। सभी जगह छठ के पारंपरिक गीत गूंज रहे हैं, जिससे पूरा माहौल छठमय नजर आ रहा है। राजधानी छठी माई के गीतों से सुवासित और गुलजार हो उठा है। कहीं शारदा सिन्हा की आवाज रस बरसा रही है कि 'मोर जिया जाएला महंगा मुंगेर' तो कहीं देवी के सुर कानों में पर्व की महिमा बखान कर रही है कि ' कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए'..। केलवा जे फरेला घवद से, ओह पर सुगा मेडराय, आदित लिहो मोर अरगिया., दरस देखाव ए दीनानाथ., उगी है सुरुजदेव., हे छठी मइया तोहर महिमा अपार.,काच ही बास के बहंगिया बहंगी लचकत जाय., आदि छठ गीतों का धमाल है। इस पावन पर्व केगीतों में भी इतनी आस्था है कि गीत बजते ही लोगों का सिर श्रद्धा से झुक जाता है। लोकआस्था के महापर्व छठ को लेकर राजधानी पटना के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर कानों में माटी की सोंधी खुशबू में लिपटे गीत बजने शुरू हो गये हैं।

## मुम्बई के जैन समाज के नाम होने जा रहा है एक अद्भुत रिकॉर्ड

**मुम्बई/वार्ता।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण महोत्सव पर जैन समुदाय के सभी चार संप्रदाय के सदस्य 25,500 मीटर लंबे कपड़े पर 18 भाषाओं में लिखे गये भक्तमारा स्रोत का 19 नवंबर को अनावरण करेंगे। इस बड़े आयोजन का साक्षी बनने के लिए कई एजेंसियों के साथ गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। अन्य एजेंसियां जो उपस्थित रहेंगी उनमें ब्रावो इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स यूएसए, लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, डब्ल्यूएसी इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, आइकन एंबेसडर बुक ऑफ वर्ल्ड शामिल हैं। रिकॉर्ड्स, यूरोपियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, लायन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और एशियन बुक ऑफ वर्ल्ड्स रिकॉर्ड्स आदि भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगी।

इस भव्य आयोजन में जैन समुदाय के चारों पंथ श्वेतांबर, दिगंबर,स्थानकवासी और थेरापंथी के श्रद्धालु बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। जैन समुदाय के आध्यात्मिक नेता आचार्य प्रणाम सागर ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में औपचारिक घोषणा करते हुए कहा, यह हम सभी के लिए एक अनूठा अवसर है। जैन धर्म और शांति के बारे में बोलते हुए, आचार्य सागर ने कहा कि महावीर की अहिंसा की शिक्षा का भारतीय इतिहास पर प्रभाव पड़ा है।

## भारत ने अपनी ठोस जलवायु कार्रवाई से एक उदाहरण स्थापित किया है: यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने अपनी ठोस घरेलू जलवायु कार्रवाई से एक उदाहरण स्थापित किया है और यह ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की अपनी राष्ट्रीय योजनाओं को पूरा करने के लिए सही दिशा में चल रहीं कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

यादव ने दूसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' में पर्यावरण मंत्रियों के सत्र में अपने शुरुआती संबोधन में ग्लोबल वार्मिंग में ऐतिहासिक रूप से ऋणात्मक योगदान के बावजूद, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में भारत की सक्रिय भूमिका पर प्रकाश डाला। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है, ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं।

मंत्री ने कहा कि भारत का वर्तमान प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन वैश्विक औसत के एक तिहाई से भी कम है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों ने जलवायु-परिवर्तन के प्रभावों को दूर करने के लिए विकासशील देशों को पर्याप्त जलवायु वित्त प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धताओं को अभी तक पूरा नहीं किया है।

यादव ने विकसित देशों को जलवायु वित्त के लिए 2020 तक प्रतिवर्ष 100 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाने और 2025 तक वित्त में उनके योगदान को 2019 के स्तर से दोगुना करने की उनकी प्रतिबद्धता की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि भारत की कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 44 प्रतिशत अब गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आता है, जो 2030 तक 40 प्रतिशत गैर-जीवश्म ईंधन स्रोतों का उपयोग करने के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के लक्ष्य को पार कर गया है।

यादव ने भारत द्वारा हरित ऋण कार्यक्रम को अपनाने पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम को व्यक्तियों के साथ-साथ सार्वजनिक और निजी संस्थाओं द्वारा स्वैच्छिक पर्यावरण और जलवायु के प्रति जागरूकता फैलाने संबंधी कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार किया गया है और इसका उद्देश्य एक स्थायी अर्थव्यवस्था हासिल करने की दिशा में सामूहिक प्रयासों में तेजी लाना है।

## असम में 11 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन जब्त, चार धरे गये

**गुवाहाटी/भाषा।** असम की राजधानी दिसपुर में दो अलग-अलग अभियानों में चार व्यक्तियों के पास से 11 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन जब्त होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। असम पुलिस के प्रवक्ता प्रणवज्योति गोस्वामी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर एक संयुक्त अभियान में विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और कामरूप जिला पुलिस ने बृहस्पतिवार को मणिपुर के चूराचंद्रपुर से आ रहे एक वाहन को पकड़ा और तलाशी के बाद उससे 1.35 किलोग्राम हेरोइन जब्त की जो 98 पैकेट में गाड़ी में छुपा कर रखी गयी थी। उन्होंने बताया कि एसटीएफ के उपमहानिरीक्षक पार्थ सारथी महंत की अगुवाई में पुलिस टीम ने कामरूप जिले के अमीनगांव में जांच-चौकी स्थापित की और मौके से मणिपुर के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

गोस्वामी ने कहा, '' यह मादक पदार्थ जब बरामद किया गया, तब उसे निचले असम के एक जिले में ले जाया जा रहा था। एसटीएफ थाने में जरूरी कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है।'' उन्होंने बताया कि जब्त किये गये मादक पदार्थ का कुल मूल्य करीब 11 करोड़ रुपये है। गोस्वामी ने बताया कि एक अन्य मामले में गुवाहाटी के खानपारा में एसटीएफ ने छापा मार दो महिला मादक पदार्थ तस्करों को' पकड़ा।



## सबरीमाला में भगवान अयप्पा के दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सबरीमला/भाषा।** सबरीमला मंदिर में शुक्रवार को भगवान अयप्पा के दर्शन खुलने के साथ हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई जिसमें अधिकतर तीर्थयात्री केरल और अन्य दक्षिणी राज्यों से आए। भगवान अयप्पा के दर्शन खुलने के साथ ही दो महीने तक चलने वाली वार्षिक तीर्थयात्रा की शुरुआत हो गई।

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक सहित अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं की सन्निधानम में शुक्रवार तड़के तीन बजे पुजारियों के दर्शनों के लिए कपाट खोलने के दौरान लंबी कतारें दिखीं। आज वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए शुभ मलयालम माह 'वृश्चिकम' का पहला दिन है।

इस अवसर पर केरल देवस्वोम मंत्री के राधाकृष्णन, विधायक प्रमोद नारायण और के. यू. जिनेश कुमार जैसे गणमान्य मौजूद रहे।

त्रावणकोर देवास्वोम बोर्ड (टीडीबी) के नवनियुक्त अध्यक्ष पी. एस. प्रशांत ने भी शुक्रवार तड़के मंदिर में पूजा-अर्चना की।

इसके बाद मंत्री राधाकृष्णन ने सन्निधानम स्थित अन्नदान मंडपम में मुफ्त भोजन वितरण का उद्घाटन किया। राधाकृष्णन ने एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने भक्तों को आश्वासन दिया है कि समयबद्ध तरीके से बुनियादी सुविधाओं की सावधानीपूर्वक व्यवस्था की जाएगी। इससे जिससे सभी के लिए एक निर्बाध और आरामदायक सबरीमाला तीर्थयात्रा का अनुभव सुनिश्चित होगा।

## ज्ञानवापी सर्वेक्षण : एससी लोगों के गैर आदिवासियों को जमीन हस्तांतरित करने से जुड़े ओडिशा कैबिनेट के फैसले पर लगी रोक

**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण (एएसआई) ने ज्ञानवापी परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट सौंपने के लिए अदालत से शुक्रवार को 15 दिन का और समय देने की मांग की। केंद्र सरकार के अधिवक्ता वकील अमित श्रीवास्तव ने बताया कि अदालत इस मामले की सुनवाई शुक्रवार दोपहर को करने वाली थी, लेकिन अब इसे शनिवार को सुनेगी । इससे पहले दो नवंबर को वाराणसी की अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वे की रिपोर्ट सौंपने के लिए 17 नवंबर तक का समय दिया था।केंद्र सरकार के शासकीय अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव ने बताया कि वाराणसी की जिला अदालत ने सर्वे रिपोर्ट जमा करने के लिए आज 17 नवम्बर का समय दिया था। परंतु सर्वेक्षण में इस्तेमाल तकनीकी रिपोर्ट अभी नहीं आ पाने की वजह से एएसआई ने आज शुक्रवार को जिला जज ए के विश्वेश की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट अदालत के समक्ष जमा करने के लिए 15 दिन के और समय की मांग की है। उन्होंने कहा कि अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 18 नवंबर की तिथि तय की है ।

## मैं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हूं : सिंधिया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ग्वालियर (मप्र)/भाषा।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि वह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को ग्वालियर के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। उन्होंने कहा, ''मैंने आपको (मीडिया को) पहले भी बताया है कि मैं मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हूं। मैं न तो पहले इस दौड़ में था और न ही आज। आपने 2013 में, 2018 में और इस चुनाव में भी मुझसे बार-बार पूछा और मैंने भी आपसे यही कहा।'' सिंधिया ने यह भी कहा कि राज्य के लोग अपने भविष्य को सुरक्षित करने, विकास और प्रगति के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पूर्ण बहुमत से इस चुनाव में जीत दिलाएंगे।

भाजपा ने राज्य में मुख्यमंत्री पद का कोई चेहरा पेश नहीं किया है, जहां आज 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान चल रहा है।

## निसंतान दंपतियों को नाबालिग लड़कियों के अंडाणु बेचने के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** शहर के एक आईवीएफ केंद्र में बड़ी रकम के बदले निसंतान दंपतियों को नाबालिग लड़कियों के अंडाणु बेचने में शामिल एक महिला और उसके पति सहित गिरोह के चार सदस्यों को यहां गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि नाबालिग लड़कियों को पैसे का लालच दिया जाता था और बाद में उन्हें अंडाणु दान करने के लिए पात्र दिखाने के लिए उनकी उम्र से संबंधित फर्जी पहचानपत्र और अन्य दस्तावेज तैयार किए जाते थे।

मोटी रकम के बदले उनके अंडाणु शहर के मशहूर 'इन विट्रो फर्टीलाइजेशन' (आईवीएफ) केंद्रों को दान कर दिए जाते थे। महिला थाना की प्रभारी निकिता सिंह ने बताया कि जैतपुरा इलाके की एक 17 वर्षीय लड़की की मां ने महिला थाने में एक आईवीएफ केंद्र में जारी अवैध अंडाणु दान की शिकायत दर्ज करायी थी।

इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सीमा देवी और उसके पति आशीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा भेलूपुर थाने के खोजवां निवासी अनीता देवी और सोनभद्र के अनमोल जयसवाल को भी गिरफ्तार किया गया है।

## केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा, लोस चुनाव में भाजपा को दिल्ली में एक भी सीट नहीं मिलनी चाहिए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे राजधानी में हर घर में जाकर लोगों को भाजपा की ''साजिशों'' के बारे में बताएं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को यहां एक भी सीट न मिले।

केजरीवाल ने कहा कि वे हर घर में जाकर पूछें कि उनके गिरफ्तार होने की स्थिति में क्या लोग उन्हें जेल से मुख्यमंत्री के रूप में काम करते हुए देखना चाहेंगे या ऐसी स्थिति में उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा, ''मुझे मुख्यमंत्री पद की कोई लालसा नहीं है। मैं शायद दुनिया का पहला ऐसा मुख्यमंत्री हूं जिसने 49 दिन बाद पद से इस्तीफा दे दिया था जबकि मुझे ऐसा करने के लिए किसी ने नहीं कहा था।'' केजरीवाल ने कहा, ''मैंने पार्षदों और विधायकों के साथ बैठकें की हैं जिन्होंने कहा है कि यदि मुझे गिरफ्तार किया जाता है तो मुझे मुख्यमंत्री बने रहना चाहिए। मैं आपको काम सौंप रहा हूं - हर घर में जाएं, लोगों से बात करें, उनसे पूछें कि क्या मुझे जेल से मुख्यमंत्री के रूप में काम करते रहना चाहिए या नहीं। लोगों को भाजपा की साजिशों के बारे में बताएं।

## दहेज की मांग नहीं पूरी करने पर पति ने पत्नी को फोन पर दिया तलाक

**बलिया (उप्र)/भाषा।** जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में एक मुस्लिम महिला ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी नहीं कर पाने पर उसके पति ने उसे फोन पर ही तीन तलाक दे दिया। इस मामले में पुलिस ने महिला के पति सहित ससुराल पक्ष से संबंधित लोगों के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत नामजद मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के नरहनी गांव की शबनम खातून की तहरीर पर उभांव थाना क्षेत्र के शाहपुर अंफगा गांव के रहने वाले उसके पति गौसुल आजम, ससुर इकबाल शाह , सास हजारा खातून, देवर इमरान, कामरान और तौहीद के साथ ही ननद आफरीन, आसीमन और परवीन के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की सुसंगत धारा में मामला दर्ज किया गया है।

## अरुणाचल: उग्रवादियों ने निर्माण कंपनी के कर्मचारियों का अपहरण किया

**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग जिले में हथियारबंद उग्रवादियों ने बंदूक के जोर पर एक निर्माण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता और पर्यवेक्षक का अपहरण कर लिया। लोंगडिंग पुलिस अधीक्षक (एसपी) तुम्मे अमो ने बताया कि चार हथियारबंद उग्रवादियों का एक समूह तीसा नदी के नजदीक एक निर्माणाधीन पुल के पास एक अस्थायी शिविर में पहुंचा और कनिष्ठ अभियंता साशन यादव और कंपनी पर्यवेक्षक लियामगाओ पांसा का अपहरण कर लिया। उग्रवादियों ने श्रमिकों से 20 से अधिक मोबाइल फोन भी छीन लिये। इस अपराध के पीछे प्रतिबंधित संगठन नेशनलिस्ट सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड गुट के स्वघोषित सार्जेंट बोताई वांगसु का हाथ होने का संदेह है। कहा जा रहा है कि कंपनी ने प्रतिबंधित संगठन द्वारा मांगी गई रकम देने से इनकार कर दिया था इसीलिए उसने कथित तौर पर अपहरण को अंजाम दिया गया।

# शमी ने विश्व कप सफलता पर कहा, 'स्टंप टू स्टंप' गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/भाषा।** भारत के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा कि उनकी गेंदबाजी में कुछ भी असाधारण नहीं है और वह सिर्फ 'स्टंप टू स्टंप' लेंथ में गेंदबाजी करने पर ध्यान लगाते हैं ताकि विकेट मिल सकें। शमी इस विश्व कप में अभी तक भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं और छह मैचों में 5.01 की इकोनोमी से 23 विकेट झटक चुके हैं जिसमें एक बार चार विकेट लेना और तीन बार पांच या इससे अधिक विकेट लेना शामिल है। मुंबई में मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने सात विकेट लिये।

शमी ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, ''मैं हमेशा हालात देखता हूं कि पिच और गेंद किस तरह बर्ताव कर रही है कि गेंद स्विंग ले रही है या नहीं। '' उन्होंने कहा, ''अगर गेंद स्विंग नहीं ले रही होती तो मैं 'स्टंप टू स्टंप' गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं और गेंद को ऐसी जगह डालने का प्रयास करता हूं कि यह बल्लेबाज के ड्राइव करने के समय बल्ले का किनारा छू सके। '' शमी विश्व कप के पहले चार मैच में अंतिम एकादश में शामिल नहीं थे और आल राउंडर हार्दिक पंड्या के बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद ही अंतिम एकादश में जगह बना सके। इसके बाद से शमी अपनी गति और सीम से अद्भुत रहे हैं, वह हर हालत में गेंद को मूव कर पा रहे हैं।

## हम सर्वश्रेष्ठ से मुकाबला करना चाहते हैं : स्टार्क



**कोलकाता/भाषा।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले विश्व कप फाइनल के बारे में कहा कि उनकी टीम टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम का सामना करने को लेकर उत्साहित है। भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक अपने सभी 10 मैच जीत पर फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। स्टार्क ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,''हम सर्वश्रेष्ठ टीम का सामना करना चाहते हैं। अभी तक वह टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं और हम दोनों टीम का फाइनल में आमना सामना होगा। यही विश्व कप है और इसके लिए ही हम यह खेल खेलते हैं।'' उन्होंने कहा,''हमारा सामना निश्चित तौर पर उसे टीम से है जो किसी भी चुनौती का सामना आगे बढ़कर कर रही है और अभी तक अजेय है।''

## विकेट के आगे और विकेट के पीछे केएल राहुल के कमाल से टीम को हो रहा फायदा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/भाषा।** आईसीसी विश्व कप में भारतीय टीम की सफलता में विकेट से पीछे लोकेश राहुल का शानदार योगदान रहा है। राहुल ने बल्ले से कई बार टीम के लिए बेहतरीन पारी खेलने के साथ विकेट के पीछे कुछ कमाल के कैच लपके हैं और डीआरएस (डिसीजन रिव्यू सिस्टम यानी मैदानी अंपायर के फैसले की समीक्षा) से जुड़े फैसलों में वह कप्तान रोहित शर्मा के सच्चे सिपहसालार साबित हुए है।

पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के समय डीआरएस पर उनके सही फैसलों के कारण भारतीय क्रिकेट में इसे '' 'धोनी' रिव्यू सिस्टम'' कहा जाता था तो वही अब राहुल की काबिलियत से इसे '' डिसीजन 'राहुल' सिस्टम'' कहा जाने लगा है। रोहित की विस्फोटक बल्लेबाजी, विराट कोहली का संयमित खेल और मो. शमी की कातिलाना गेंदबाजी के सामने भले ही राहुल की बल्लेबाजी की चर्चा अधिक ना हो लेकिन मौजूदा विश्व कप में जब भी टीम को उनके बल्ले से योगदान की जरूरत थी उन्होंने इस भूमिका को पूरी तरह से निभाया। राहुल ने इस दौरान 99 की स्ट्राइक रेट और 77 के औसत से 386 रन बनाये। भारतीय टीम के लिए पदार्पण के बाद से ही कौशल के मामले में राहुल को कोहली और रोहित जैसा प्रतिभाशाली खिलाड़ी माना जाता है लेकिन लचर शॉट खेलकर आउट हो जाने के कारण वह अतीत में उस रुतबे को हासिल नहीं कर पाये।

## सुविचार

मेरी ज़िंदगी एक बंद किताब है, जिसे आज तक किसी ने खोला नहीं, जिसने भी खोला उसने पढ़ा नहीं, जिसने पढ़ा उसने समझा नहीं, और जो समझ सका वो मिला नहीं।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# नशा नाश की जड़

तंबाकू से होने वाली हानियों के बारे में सूचना देने के लिए कई प्रयासों के बावजूद इसका सेवन बढ़ता जा रहा है, जो अत्यंत चिंता का विषय है। लांसेट के 'ई क्लिनिकल मेडिसिन' में प्रकाशित एक अध्ययन ने इस पदार्थ के सेवन और उसके परिणामों के बारे में जो दावा किया है, उससे अवगत होना प्रासंगिक है। विशेष रूप से युवाओं को इसके बारे में जरूर जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे तंबाकू के सेवन से दूर रहें। इस अध्ययन के अनुसार, हर साल सात देशों में 13 लाख से ज्यादा लोगों की मौत धूम्रपान से होने वाले कैंसर के कारण होती है। यहां ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि इन देशों में भारत भी शामिल है। शोधकर्ताओं ने यह पाया कि दुनिया में हर साल कैंसर से जितने लोगों की मौत होती है, उनमें आधे से ज्यादा तो भारत, चीन, ब्रिटेन, ब्राजील, रूस, अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका से हैं। यही नहीं, धूम्रपान और तीन अन्य जोखिमपूर्ण कारक (मद्यपान, मोटापा और ह्यूमन पेपिलोमा वायरस यानी एचपीवी) 20 लाख लोगों की जान ले लेते हैं। तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन हानिकारक है। इससे बचने के लिए जागरूकता के कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। संबंधित उत्पादों पर चेतावनी अंकित होती है। सिनेमा हॉल में फिल्म की शुरुआत से पहले चेतावनी दिखाई जाती है। धूम्रपान से संबंधित दृश्यों में भी मोटे-मोटे अक्षरों के साथ चेतावनी दी जाती है, लेकिन फिल्म पूरी होने के बाद बाहर आकर कई लोग धूम्रपान करते दिख जाते हैं। स्पष्ट है कि उन्होंने चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया था। जब इससे सेहत को बड़ा नुकसान हो जाता है, तब पछतावा होता है कि मैं वर्षों से विष का सेवन करता रहा ... इससे बचना चाहिए था! ऐसी नौबत क्यों आए? अक्लमंदी तो इसमें है कि तंबाकू और हर किस्म के नशे से दूर रहा जाए। अगर किसी कारणवश सेवन करना शुरू कर दिया है तो इस बात का इंतजार न करें कि कल छोड़ दूंगा या भविष्य में छोड़ दूंगा। प्राय: ऐसे मामलों में 'कल' कभी नहीं आता। अगर छोड़ना चाहते हैं तो सबसे अच्छा समय आज और अभी है। अगर 'आज' निकल गया तो इस बात की ज्यादा आशंका है कि 'कल' भी यूं ही निकल जाएगा।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को लुधियाना में मादक पदार्थ रोधी अभियान के तहत जिस साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाई, उसे मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों के विरुद्ध आयोजित देश की सबसे बड़ी साइकिल रैली बताया जा रहा है। इसके लिए 25,000 लोगों ने पंजीकरण कराया, जो प्रशंसनीय है, लेकिन पंजाब सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए कि आज पंजाबी गानों में जिस तरह नशे का महिमा-मंडन किया जा रहा है, उससे समाज में ग़लत संदेश जा रहा है। पंजाबी गाने देश-दुनिया में खूब मशहूर हैं। सामाजिक कार्यक्रम हो या ब्याह-शादी, वहां वे बजाए जाते हैं। लोग उन पर नृत्य करते हैं। इस दौरान कई लोग ऐसे गानों पर भी थिरकते दिख जाते हैं, जिनमें नशे का 'गुणगान' किया जाता है! यूट्यूब पर ऐसे गानों के दर्जनभर वीडियो हैं, जिनमें नशे को इस तरह पेश किया गया है, जिससे युवा मन शीघ्र आकर्षित हो सकता है। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान नशाखोरी से संबंधित जो आंकड़े आ रहे हैं, वे विचलित कर देनेवाले हैं। आखिर हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है? वहां शराब की दुकानें 48 घंटे के लिए सील किए जाने से पहले इसकी बिक्री में सोमवार से बुधवार शाम के बीच करीब 15 प्रतिशत का उछाल देखा गया है। इन दुकानों को कुछ समयावधि के लिए सील करने के पीछे जो (अच्छा) उद्देश्य था, उसे विफल करने के लिए लोगों ने ही पूरा जोर लगा दिया। उन्हें पता था कि दुकानें सील होंगी, इसलिए पहले ही खरीद लाए। दीपावली, जो बुद्धि, ज्ञान और समृद्धि का महापर्व है, उस दौरान भी लोगों ने शराब पर खूब पैसा बहाया। जो पदार्थ इन तीनों का नाश करता है, सेहत चौपट करता है, उसके प्रति ऐसा गहरा आकर्षण क्यों है? होना तो यह चाहिए था कि ऐसे अवसर पर हर किस्म के नशे से दूर रहने का संकल्प लेते। स्वास्थ्य पत्रिकाओं की रिपोर्टें, सरकारी चेतावनी, रैलियां, प्रतिबंध ... एक हद तक ही प्रभावी होते हैं। नशे से दूर रहने की इच्छाशक्ति संबंधित व्यक्ति में पैदा होनी चाहिए, आत्मबोध होना चाहिए। उसके बाद ही सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। याद रखें- नशा नाश की जड़ है। इससे जितना दूर रहें, उतना बेहतर है।

## ट्वीटर टॉक



राजस्थान में दो दर्जन से अधिक पेपर लीक हो चुके हैं और गहलोत साहब अभी भी सत्ता चाहते हैं... क्यों गहलोत जी, सेंचुरी लगाना चाहते हैं क्या? राजस्थान की जनता अब आपको नहीं चाहती है, ये सरकार तुष्टिकरण में टॉप मार्क्स लेने वाली सरकार है।

-अमित शाह



विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के नांगल मंडल के वार्ड 15 में जनसभा में परिवार जनों से मिले शुभाशीष से अभिभूत हूँ। परिवार का यह स्नेह और समर्थन विद्याधर नगर में 'सुशासन का कमल' खिलाने के मेरे संकल्प को और मजबूत कर रहा है।

-दिया कुमारी



जयपुर के हरमाड़ा थाने में दिन दहाड़े अपहरण कर महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना अत्यधिक चिंताजनक है। पिछले पांच वर्षों में अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि उनमें कानून और प्रशासन का डर समाप्त हो चुका है।

-सीपी जोशी

## प्रेरक प्रसंग

# नीयत और भाग्य

एक बार विनोबा भावे अपने भूदान आंदोलन के दौरान गांव की पाठशाला में ठहरे हुए थे। दोपहर के समय कुछ शिक्षकों को नीयत तथा नसीब पर सीख दे रहे थे। तभी एक बिलखता हुआ बालक उन सबके सामने आया और पेट पर हाथ लगाता हुआ जमीन पर लोटने लगा। यह भूखा बालक है। इसे कुछ भोजन दे दो। अचानक ही किसी ने कहा तो एक युवक जो उस पाठशाला में नया ही नियुक्त हुआ था उसने करुणा से अपना खाने का डिब्बा उस बालक को दिया। उस डिब्बे में दो रोटी और अचार था। वह सब खा गया। मटके से पानी पीकर वहीं एक दरी पर सो भी गया। अब वह युवक अपना खाली डिब्बा देखने लगा। उस समय तो गांव की पाठशाला के आसपास कोई दुकान भी नहीं होती थी। विनोबा सहित सब एक दो पल खामोश थे कि एक युवती भागती हुई आई। उसके एक हाथ में थाली ढकी हुई थी। पता लगा कि वह इसकी बुआ है और उस बालक के लिए हलवा-पूरी लाई है। सब माजरा जानकर उस युवती ने अनुरोध किया कि वह युवक इस खाने को ग्रहण करे। युवक भी भूखा था। उसने आनंद से सब स्वीकार किया।

## सामयिक

# सामूहिक प्रयास बदलेंगे ऊर्जा दक्षता की तस्वीर

अमित बैजनाथ गर्ग
मोबाइल : 78770 70861



दुनिया में अक्षय ऊर्जा उत्पादक देशों में भारत अब तीसरे स्थान पर है। भारत अपनी 10 फीसदी ऊर्जा का उत्पादन विंड और सोलर की मदद से कर रहा है, जबकि अमेरिका 12 फीसदी, चीन, जापान और ब्राजील 10 फीसदी और तुर्की 13 फीसदी बिजली का उत्पादन विंड और सोलर से कर रहे हैं। यूरोपियन यूनियन 21 फीसदी और यूनाइटेड किंगडम 33 फीसदी पवन और सौर ऊर्जा की मदद से उत्पादित कर रहे हैं, जबकि रूस अपनी सिर्फ 0.2 फीसदी बिजली सोलर और विंड की मदद से बना रहा है। यदि कोयले से बन रही बिजली की बात करें तो देश में उसमें करीब 8.3 फीसदी की गिरावट आई है। अमेरिका को देखें तो उसकी थर्मल एनर्जी में करीब 31 फीसदी और यूरोपियन यूनियन में 32 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं चीन जो सबसे ज्यादा उत्सर्जन करने वाला देश है, उसकी थर्मल एनर्जी में 2 फीसदी की गिरावट आई है।

एक अनुमान के अनुसार, 2035 तक भारत में ऊर्जा की मांग 4.2 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़ेगी, जो पूरी दुनिया में सबसे तेज होगी। वहीं विश्व के ऊर्जा बाजार में 2016 में भारत की मांग पांच प्रतिशत थी, जो 2040 में 11 फीसद होने का अनुमान है। इन तथ्यों से समझा जा सकता है कि सरकार ने दूरदर्शिता के साथ देश की आर्थिकी को मजबूत धरातल देने का कितना महत्वपूर्ण काम अपने हाथों में ले रखा है। 2014 के बाद से नवीकरणीय यानी अक्षय ऊर्जा को जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों का विकल्प बनाने पर उच्च प्राथमिकता से काम हो रहा है। आज भारत की कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता में 36 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी है। बीते कुछ सालों में यह ढाई गुना बढ़ी है। इसमें सोलर यानी सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी 13 गुना तक बढ़ी है। वर्ष 2030 तक भारत में अक्षय ऊर्जा की भागीदारी 40 प्रतिशत और 2035 तक 60 फीसद होगी। यह स्वच्छ ऊर्जा की एक नई क्रांति जैसा होगा।

अक्षय ऊर्जा के अन्य घटक पवन, बायो, पनबिजली की परियोजनाओं पर भी सरकार की प्रतिबद्धता से यह स्पष्ट है कि 2035 से पहले भारत नवीकरणीय ऊर्जा के सभी लक्ष्य हासिल कर लेगा। एक अनुमान के अनुसार, मध्यप्रदेश के रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना से 15.7 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन रोका गया है। यह धरती पर 2.60 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। भारत में अक्षय ऊर्जा की असीम संभावनाएं हैं। जाहिर है जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए जो प्रतिबद्धता भारत ने व्यक्त की है, वह इसकी विश्व दृष्टि की उद्घोषणा का ही हिस्सा है। भारतीय दृष्टि प्रकृति के शोषण के स्थान पर संतुलित दोहन की समर्थक है। देश ने जिस प्रभावशाली तरीके से दुनिया के सामने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का प्रकल्प खड़ा किया है, वह पेरिस समझौते के समानांतर सही मायनों में भारतीय लोकमंगल की परिकल्पना का रूप है।

आंकड़ों से पता चलता है कि सूरज से भारत में औसतन पांच हजार लाख किलोवाट घंटा प्रति वर्ग मीटर के बराबर सौर ऊर्जा आती है। एक मेगावाट सौर ऊर्जा के लिए तीन हेक्टेयर समतल भूमि चाहिए। इस लिहाज से भारत के पास इस क्षेत्र में विपुल संभावनाओं का भंडार है। सरकार ने इस शाश्वत ऊर्जा भंडार को देश की ऊर्जा जरूरतों से जोड़कर जो लक्ष्य तय किए हैं, वह एक सपने को साकार करने जैसा ही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे श्योर, प्योर और सिक्योर कहते हैं, क्योंकि सूरज सदैव चमकता है। इससे उत्पन्न ऊर्जा पूरी तरह स्वच्छ होने के साथ ही सुरक्षित भी है। थिंक टैंक एजेंसी एम्बर की रिपोर्ट के अनुसार, थर्मल पावर प्लांट दुनिया के लिए 33 फीसदी ऊर्जा का उत्पादन कर रहे हैं। यह रिपोर्ट 48 देशों के ऊर्जा संबंधी आंकड़ों पर आधारित है, जिसमें भारत भी शामिल है। ये 48 देश विश्व की कुल बिजली का करीब 83 फीसदी उत्पादन करते हैं। वहीं ऊर्जा उत्पादन में विंड और सोलर की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। सरकार का दावा है कि सोलर मॉड्यूल और पैनल विनिर्माण क्षेत्र में 2030 तक भारत आत्मनिर्भरता हासिल कर लेगा।

इधर, देश में वाणिज्यिक इमारतों को कम बिजली खपत वाला और ऊर्जा दक्ष बनाने की योजना ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) को अब तक कई राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश अनिवार्य कर चुके हैं। बिजली मंत्रालय के अधीन आने वाला ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) राज्यों के माध्यम से इस योजना का क्रियान्वयन कर रहा है। इसके तहत इमारतों की डिजाइन और निर्माण इस रूप में किया जाता है, जिससे बिजली की खपत कम से कम हो। ईसीबीसी के तहत इमारतों की डिजाइन बनाने के लिए तीन विकल्प होते हैं। पहले विकल्प में जहां 15 से 20 प्रतिशत की बिजली की बचत होती है, वहीं दूसरे और तीसरे विकल्प में क्रमश: 30 से 35 प्रतिशत और 40 से 45 प्रतिशत बिजली की बचत होती है। वहीं इस योजना को लागू करने में लागत 5 से 8 प्रतिशत बढ़ती है।

ईसीबीसी से 2030 तक 125 अरब यूनिट बिजली बचत का अनुमान है, जो 10 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के बराबर है। इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी की ओर से जारी रिन्यूएबल कैपेसिटी स्टैटिस्टिक्स रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में वैश्विक स्तर पर अक्षय ऊर्जा क्षमता में 9.6 फीसदी की वृद्धि हुई है। हालांकि इसके बावजूद यह बढ़ोतरी वैश्विक तापमान में होती वृद्धि को सीमित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके लिए अक्षय ऊर्जा में वर्तमान दर से तीन गुणा वृद्धि की जरूरत है। रिपोर्ट में जारी आंकड़ों की मानें तो 2022 के अंत में वैश्विक स्तर पर कुल अक्षय ऊर्जा क्षमता रिकॉर्ड 295 गीगावाट की वृद्धि के साथ बढ़कर 3,372 गीगावाट पर पहुंच गई थी। वहीं यदि पिछले वर्ष नई बिजली क्षमता की बात करें तो उसमें करीब 83 फीसदी की हिस्सेदारी अक्षय ऊर्जा की थी। इससे पता चलता है कि वर्तमान में रिन्यूएबल एनर्जी पर कितना ध्यान दिया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद रिन्यूएबल एनर्जी में रिकॉर्ड स्तर पर विकास जारी है, जो जीवाश्म ईंधन से हो रहे बिजली उत्पादन में गिरावट की पुष्टि करता है। निरंतर रिकॉर्ड वृद्धि ऊर्जा संकट के बीच अक्षय ऊर्जा के लचीलेपन को दर्शाती है।

वहीं घरों, भवनों में इस्तेमाल होने वाले बिजली उपकरणों की सूची में सौ से भी ज्यादा उपकरण आते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भवनों में इस्तेमाल होने वाले सभी ऊर्जा उपकरण दक्षता मानकों के दायरे में हों और उन्हें स्वैच्छिक नहीं, बल्कि अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। वहीं सोलर एनर्जी को आधार बनाकर लोगों में ऊर्जा दक्षता को लेकर चेतना बढ़ी है, लेकिन जिस प्रकार लोगों और सरकार ने एलईडी को लेकर अभियान चलाया और उसके नतीजे बेहद सार्थक रहे, वैसा अन्य उपकरणों के मामले में नहीं हुआ। दूसरा, कई उपकरण स्टार रेटिंग और बिना स्टार रेटिंग दोनों में भी उपलब्ध हैं। स्टार रेटिंग वाले उपकरण की कीमत ज्यादा होती है। ऐसे में उपभोक्ता कम कीमत के चक्कर में बिना रेटिंग वाले उपकरणों को ले लेता है। जिन उपकरणों के लिए स्टार रेटिंग लागू है, उनमें बिना रेटिंग वाले उपकरणों की बिक्री पर रोक होनी चाहिए। इसके लिए हमें कठोर कदम उठाने होंगे। हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे तो भारत को ऊर्जा दक्षता के मामले में भी दुनिया में नंबर वन बना सकेंगे। इससे भारत ऊर्जा क्षेत्र में भी दुनिया को राह दिखा सकेगा।

## विशेष

# छठ: आस्था एवं उत्साह का लोकपर्व

योगेश कुमार गोयल
मोबाइल : 9034304041.

आस्था और निष्ठा का अनुपम लोकपर्व 'छठ' उत्तर भारत, विशेषकर बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाने वाला सूर्योपासना का महापर्व है। यह पर्व सूर्य, उनकी पत्नी उषा तथा प्रत्यूषा, प्रकृति, जल, वायु और सूर्य की बहन छठी मैया को समर्पित है। उषा तथा प्रत्यूषा को सूर्य की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना गया है, इसीलिए छठ पर्व में सूर्य तथा छठी मैया के साथ इन दोनों शक्तियों की भी आराधना की जाती है। षष्ठी देवी को ही छठ मैया कहा गया है, जो निसंतानों को संतान देती हैं और संतानों की रक्षा कर उनको दीर्घायु बनाती हैं। पुराणों में षष्ठी देवी का एक नाम कात्यायनी भी है, जिनकी पूजा नवरात्र में षष्ठी को होती है। माना जाता है कि छठ पर्व में सूर्य की उपासना करने से छठी माता प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति, सम्पन्नता और मनोवांछित फल प्रदान करती हैं। छठ पूजा इस वर्ष 17 नवम्बर से 20 नवम्बर तक मनाई जा रही है। नहाय-खाय 17 नवम्बर को और खरना 18 नवम्बर को है जबकि छठ की मुख्य पूजा संध्या अर्ध्य के साथ 19 नवम्बर को होगी। उगते सूर्य को अर्ध्य 20 नवम्बर को दिया जाएगा और उसी के साथ छठ महापूजा का समापन होगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य देवता की बहन छठी मैया संतानों की रक्षा कर उन्हें लंबी आयु प्रदान करती हैं। प्रातःकाल में सूर्य की पहली किरण (उषा) और सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण (प्रत्यूषा) को अर्ध्य देकर दोनों को नमन किया जाता है। सूर्योपासना का महापर्व छठ कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है, इसीलिए इसे छठ कहा जाता है। इस चार दिवसीय उत्सव की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन 'नहाय खाय' से होती है, अगले दिन 'खरना' होता है, तीसरे दिन छठ का प्रसाद तैयार किया जाता है और स्नान कर अस्त होते सूर्य को अर्ध्य दिया जाता है, सप्तमी को चौथे और अंतिम दिन उगते सूर्य की पूजा-आराधना के साथ इस महापर्व का समापन होता है। छठ पर्व के प्रसाद में प्रायः चावल के लड्डू बनाए जाते हैं और बांस की टोकरी में प्रसाद तथा फल सजाकर इस टोकरी की पूजा की जाती है। व्रत रखने वाली महिलाएं सूर्य को अर्ध्य देने तथा पूजा के लिए तालाब, नदी अथवा घाट पर जाकर स्नान कर डूबते हुए सूर्य की पूजा करती हैं और अगले दिन सूर्योदय के समय सूर्य को अर्ध्य देकर पूजा करने के पश्चात प्रसाद बांटकर छठ पूजा का समापन होता है। सही मायनों में यह महापर्व जीवनदायी सूर्यदेव के प्रति आभार प्रकट करने का महापर्व है।

छठ महापर्व की शुरूआत को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी मान्यता है कि लोक मातृका षष्ठी की पहली पूजा सूर्यदेव ने ही की थी। सूर्य को ज्योतिष विधा में सभी ग्रहों का अधिपति माना गया है। इसीलिए मान्यता है कि यदि समस्त ग्रहों को प्रसन्न करने के बजाय केवल सूर्यदेव की ही आराधना की जाए तो कई लाभ मिल सकते हैं। माना जाता है कि सर्वप्रथम महाबली कर्ण ने ही सूर्यदेव की पूजा शुरू की थी और आज भी छठ पर्व में सूर्य को अर्ध्य देने का विशेष महत्व है। सूर्यपुत्र कर्ण तो भगवान सूर्य के परम भक्त थे, जो प्रतिदिन घंटों तक कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्ध्य दिया करते थे।

## चिंतन

# क्या पुरुष भी घरेलू हिंसा के शिकार हैं?

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस माता-पिता के अलगाव, पत्नी की उपेक्षा, दुर्व्यवहार, बेघर होना, रोजगार, आत्महत्या और हिंसा सहित पुरुषों द्वारा सामना किए जाने वाले कई मुद्दों के लिए एक वैश्विक जागरूकता दिवस है, जो हर साल 19 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लड़कों और पुरुषों के जीवन, उनकी उपलब्धियों और परिवार एवं समाज निर्माण में विशेष रूप से राष्ट्र, संघ, समाज, समुदाय, परिवार, विवाह और बच्चों की देखभाल में उनके योगदान के लिए जश्न मनाने का एक अनूठा अवसर है। यह दिवस महज एक उत्सव भर नहीं है, बल्कि ऐसा आयोजन है, जो सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मोर्चों पर पुरुषों की उपलब्धियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके संघर्षों को आम समाज तक पहुंचाना आवश्यक है। इस दिन का उद्देश्य पुरुषों के स्वास्थ्य और कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसके आलोक में, 'शून्य पुरुष आत्महत्या' 2023 की थीम है। महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। इस दिवस की शुरुआत 1999 में त्रिनिदाद एवं टोबागो से हुई थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इसे मान्यता देते हुए इसकी आवश्यकता को बल दिया और पुरजोर सराहना एवं सहायता दी है। आज 80 से अधिक देशों में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस मनाया जा रहा है। एक अन्य जानकारी के अनुसार पहली बार 7 फरवरी 1992 को थॉमस ओस्टर द्वारा पुरुष दिवस मनाने की बात भी कही जाती है, लेकिन यह पुरुष दिवस केवल माल्टा में मनाया गया था

दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस प्रभावी रूप में बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। अब पुरुष भी अपने शोषण एवं उत्पीड़ित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों पर अधिक उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की भी बात की जा रही है। आज तेजी से बदलती दुनिया में हर वर्ग के लिए परिभाषाएं भी बन एवं बदल रही हैं। एक तरफ जहां महिलाएं सशक्त हो रही हैं, वहीं पुरुषों की भी छवि समाज में बदलती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व की बात करें तो पुरुषों को लेकर समाज में ढेरों रुढ़िवादी विचार थे, महिलाओं के शोषण एवं उसे दोयम दर्जा दिये जाने का आरोप उस पर



लगता रहा है। जिनमें अब तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। यह दिन पुरुषों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य व उनसे जुड़ी भ्रांतियों पर भी चर्चा करने का दिन है। चीन को छोड़कर हर देश में पुरुषों में आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में अधिक है।

पुरुष एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नारी जहां जीवन को परिपूर्णता देती है तो वहीं पुरुष ही इसका आधार है। अब तक पुरुष की तमाम विशेषताओं को नजरअंदाज करते हुए उसे शोषक, नारी उत्पीडक, क्रूर एवं अत्याचारी ही घोषित किया जाता रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है। नारी जन्मदात्री है तो पुरुष जीवन-निर्माता है। बचपन में जब कोई बच्चा चलना सीखता है तो सबसे पहले अपने पिता रूपी पुरुष की उंगली थामता है। नन्हा-सा बच्चा उसकी उँगली थामे और उसकी बाँहों में रहकर बहुत सुकून पाता है। बोलने के साथ ही बच्चे जिद करना शुरू कर देते हैं और पिता उनकी सभी जिदों को पूरा करते हैं। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को वो पूरा करते रहते हैं यानी पुरुष की भूमिका किसी भी रूप में महिलाओं से कम नहीं है।

समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं उसका विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां के रूप में नारी को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता के रूप में पुरुष का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता बेटा की चोट देख कर कठोर इसलिये बना रहता है ताकि वह जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। महिला ममता का सागर है पर पुरुष उसका किनारा है। महिला से ही बनता घर है पर पुरुष घर का सहारा है। महिला से स्वर्ग है महिला से बैकुंठ, महिला से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पुरुष ही है। उन्हीं पुरुषों के सम्मान में पुरुष दिवस मनाया जाता है।

कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है।

दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन और माई नेशन नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। यह एक सच्चाई है कि अब महिलाओं की भांति पुरुष भी हिंसा, उत्पीडन एवं उपेक्षा के शिकार है। वे भी अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आवाज उठाना चाहते हैं। बड़ा सच है कि जीवन में जब भी निर्माण की आवाज उठेगी, पौरुष की मशाल जगेगी, सत्य की आंख खुलेगी तब हम, हमारा वो सब कुछ जिससे हम जुड़े होंगे, वो सब पुरुष का कीमती तौहफा होगा, इस अहसास को जीवंत करके ही हमें पुरुष-दिवस को मनाने की सार्थकता पा सकेंगे।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## ‘टाइम 100 जलवायु’ सूची में अजय बंगा सहित आठ भारतीय

न्यूयॉर्क/भाषा। टाइम पत्रिका की जलवायु के क्षेत्र में योगदान को लेकर दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में आठ भारतीय और भारतीय मूल के नागरिक (पीआईओ) जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। इनमें विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और ओला इलेक्ट्रिक के सह-संस्थापक भाविश अग्रवाल भी शामिल हैं।

‘टाइम 100 जलवायु’ सूची में दुनियाभर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, संस्थापक, परोपकारी, संगीतकार, नीति निर्माता और सरकारी अधिकारी शामिल हैं। यह सूची संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 30 नवंबर से शुरू हो रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन से पहले जारी हुई है। सूची में बंगा और अग्रवाल के अलावा, द रॉकफेलर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव जे शाह, बोस्टन कॉमन एसेट मैनेजमेंट की संस्थापक और अध्यक्ष गीता अय्यर, अमेरिकी ऊर्जा विभाग ऋण कार्यक्रम कार्यालय के निदेशक जिगर शाह, हस्क पावर सिस्टम्स के सीईओ और सह-संस्थापक मनोज सिन्हा, कैसर परमानेंट के लिए पर्यावरण प्रबंधन की कार्यकारी निदेशक सीमा वाधवा और महिंद्रा लाइफस्पेसेज के प्रबंध निदेशक और सीईओ अमित कुमार सिन्हा भी शामिल हैं। टाइम ने बयान में कहा कि जून में विश्व बैंक के अध्यक्ष बने बंगा (64) संस्था के लिए जलवायु परिवर्तन से लड़ते हुए गरीबी उन्मूलन के एक नए मिशन की शुरुआत कर रहे हैं। बंगा ने मोरक्को में 2023 की विश्व बैंक समूह-आईएमएफ की वार्षिक बैठक में कहा था, यदि आप सांस नहीं ले सकते और साफ पानी नहीं पी सकते, तो गरीबी मिटाने का कोई मतलब नहीं है।

मतदान



मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले की जनपद पंचायत पाटी के सुदूर थाना मतदान केंद्र पर शुक्रवार को पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद पारंपरिक पोशाक में युवा महिला मतदाता।

## जलवायु कार्रवाई बोझ नहीं, बल्कि नवोन्मेषण व वृद्धि का अवसर है : गोयल

नई दिल्ली/भाषा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वैश्विक समुदाय के तौर पर विश्व नेताओं से ऐसे भविष्य के निर्माण के लिए हाथ मिलाने का आह्वान किया जहां जलवायु कार्रवाई बोझ नहीं बल्कि नवोन्मेषण व वृद्धि का अवसर हो।

सैन फ्रांसिस्को में बृहस्पतिवार को एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के शिखर सम्मेलन में गोयल ने तय समयसीमा से नौ साल पहले 175 गीगावाट के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को हासिल करने की भारत की उपलब्धि पर प्रकाश डाला। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, '' उन्होंने वैश्विक समुदाय के तौर पर विश्व नेताओं से ऐसे भविष्य के निर्माण के लिए हाथ मिलाने का आह्वान किया, जहां स्थिरता कोई दूर की आकांक्षा नहीं बल्कि जीवन का एक तरीका हो और जहां जलवायु कार्रवाई बोझ नहीं बल्कि नवोन्मेषण व वृद्धि का अवसर हो।'' गोयल ने ‘पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट’ (पीजीआईआई) के ‘इन्वेस्टर फोरम’ में भी हिस्सा लिया। फोरम की सह-मेजबानी अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो और अमेरिकी राष्ट्रपति के वरिष्ठ सलाहकार अमोस होचस्टीन ने की। इसमें सहयोगात्मक कार्यों और हिंद-प्रशांत में निजी निवेश बढ़ाने के लिए साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई।

## मुइज्जू ने मालदीव के नए राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया

माले/भाषा। मोहम्मद मुइज्जू ने भारत के केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू समेत कई विदेशी हस्तियों की मौजूदगी में मालदीव के आठवें राष्ट्रपति के रूप में शुक्रवार को शपथ ग्रहण की।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि मालदीव के आठवें राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने राष्ट्रपति के रूप में आज शपथ ग्रहण की।

प्रधान न्यायाधीश मुथासिम अदनान ने मुइज्जू (45) को पद की शपथ ग्रहण कराई। इस समारोह में हुसैन मोहम्मद लतीफ ने मालदीव के उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

इस समारोह में रीजीजू के अलावा दक्षिण एशिया के कई नेता, राजनयिक एवं दुनिया के अन्य देशों के कुछ पूर्व राष्ट्रपति शामिल हुए।

इस समारोह में निवर्तमान प्रशासन के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने भी भाग लिया।

## बाइडन से तिब्बती लोगों से सीधी बातचीत के लिए चीन पर दबाव बनाने का अनुरोध

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



सैन फांसिस्को/भाषा। तिब्बत मामले पर एक अंतरराष्ट्रीय संगठन ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई बैठक के दौरान तिब्बत के मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई और उसने बाइडन से अपील की है कि वह तिब्बती लोगों के प्रतिनिधियों से सीधी बातचीत के लिए चीन पर दबाव बनाएं।

‘इंटरनेशनल कैंपेन फॉर तिब्बत’ ने एक बयान में कहा ,''शी और बाइडन के बीच बैठक ऐसे वक्त पर हुई है जब चीन के नेता का तिब्बत पर नियंत्रण है जिसमें तिब्बती पठार में लोगों का दमन और तिब्बती लोगों पर उसका गंभीर असर शामिल है। ये चिंताएं सीधे तौरे पर राष्ट्रपति शी के समक्ष उठाया जाना बेहद जरूरी है।

संगठन ने कहा कि तिब्बत,उइगर और कई अन्य समूहों जिनमें चीन के लोग भी शामिल हैं उन्हें अपनी परेशानियों के बारे में बात करने और चीन की सरकार से उन्हें दूर करने की मांग करने की आजादी नहीं है। शी और उनके अधिकारियों को इन आवाजों को भी सुनना चाहिए और बाइडन प्रशासन के पास उन पर इसका दबाव बनाने का अवसर है।'' बयान में कहा गया, ''खासतौर पर राष्ट्रपति बाइडन को बीजिंग पर तिब्बती लोगों के प्रतिनिधियों के साथ सीधी बातचीत का दबाव बनाना चाहिए, जिसका उन्होंने 2020 के अपने अभियान के दौरान वादा किया था।''

हालांकि व्हाइट हाउस की ओर से बैठक के संबंध में जारी एक बयान में कहा गया कि बाइडन ने कैलिफोर्निया के वुडसाइड में शी के साथ बैठक में तिब्बत का मुद्दा उठाया था।

## रीजीजू ने श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे से मुलाकात की

माले/भाषा। पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को मालदीव में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। रीजीजू मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने के लिए भारत के प्रतिनिधि के तौर पर यहां पहुंचे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा, ''डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ श्रीलंका के राष्ट्रपति महामहिम रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारत-श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की, जो बहुआयामी है और माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ‘पड़ोस प्रथम’ और ‘सागर’ नीति के तहत एक प्राथमिकता है।''

## ‘राजाराम’ में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे आर्यन बब्बर

मुंबई/वार्ता



अभिनेता आर्यन बब्बर भोजपुरी फिल्म राजाराम में विलेन की भूमिका में नजर आयेंगे। फिल्म रेड्डी में सलमान खान से लोहा ले चुके आर्यन बब्बर अब टेक्नीशियन फ़िल्म फैक्ट्री के बैनर तले बन रही फिल्म राजाराम में मुख्य विलन की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में आर्यन,खेसारीलाल यादव से टक्कर लेंगे। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों गोरखपुर के खूबसूरत लोकेशन पर चल रही है, जिसके निर्देशक पराग पाटिल है। फिल्म की मुख्य भूमिका में खेसारी लाल यादव और राहुल शर्मा नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्माता पराग पाटिल और राकेश रौशन सिंह हैं।

आर्यन बब्बर ने फिल्म राजाराम को लेकर कहा कि यह बड़े बैनर की फिल्म है और यह मेरे लिए बड़ी ऑपर्च्युनिटी है। फिल्म की कास्ट एंड क्रू बेहद उत्साहित करने वाली है। इस फिल्म में मेरी भूमिका बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसके किरदार को जीवंत करने की मैं पूरी कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि पराग पाटिल के नेतृत्व में यह फिल्म बेहद अच्छी बनने वाली है। यह मुझे पूरा विश्वास है। फिल्म का हर किरदार महत्वपूर्ण है और मुझे लगता है कि यह फिल्म जब पर्दे पर आएगी तो लोग इसे खूब पसंद करेंगे और हमारी फिल्म से जुड़ पाएंगे। जब से मैं इस फिल्म का हिस्सा बना हूं, तब से मेरे फोकस फिल्म पर है और गोरखपुर के लोकेशन में मैं इस फिल्म की शूटिंग में पूरी तरह से व्यस्त हूं। आगे जब फिल्म रिलीज होगी, तब दर्शकों को पता चल जायेगा। फिल्म राजाराम में मुख्य भूमिका में खेसारीलाल यादव, राहुल शर्मा, सोनिका गौड़ा, सपना चौहान,सुबोध सेठ,विनोद मिश्रा,के के गोस्वामी,संजय पाण्डेय, अमित शुक्ला,जे पी सिंह,डॉ यादवेंद्र यादव,संजीव मिश्रा,दीपक सिन्हा,भानु पाण्डेय,निशा तिवारी हैं।

## यामी गौतम ने ‘अनटाइटल’ फिल्म की शूटिंग की पूरी



मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड फिल्मों ’विक्की डोनर’, ’उरी’, ’ओएमजी 2’ और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर एक्ट्रेस यामी गौतम ने अपने करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्ट्रेस ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम पर अपनी अगली अनटाइटल फिल्म के रैप-अप शेड्यूल से एक तस्वीर साझा की। वह मेपल का पत्ता पकड़े हुए मुस्कुराते हुए नजर आ रही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक की शूटिंग पूरी हो गई है। पूरी डायरेक्शन, प्रोडक्शन टीम और बी62 स्टूडियो में हमारे अद्भुत क्रू को धन्यवाद। कश्मीर के स्थानीय लोगों, सुरक्षा बलों और अधिकारियों को धन्यवाद, जिन्होंने पूरे शेड्यूल के दौरान हमारी इतनी अच्छी देखभाल की।''

उन्होंने आगे कहा, तुलमुल्ला में दिव्य माता खीर भवानी का आशीर्वाद लेने का भी सौभाग्य मिला। आशा है कि हम इस फिल्म के साथ अपने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने में सक्षम होंगे। घोषणा जल्द ही होगी। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर मंदिर की यात्रा का एक वीडियो भी साझा किया। इससे पहले, अक्टूबर में यह खबर आई थी कि एक्ट्रेस अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए 50 दिनों के लिए उत्तर भारतीय शहर में रुकी थीं। इस अनटाइटल प्रोजेक्ट के साथ एक्ट्रेस की ’धूम धाम’ भी पाइपलाइन में है।

## वर्ल्ड कप में वाजमा अयूबी क्यों चर्चा में है अफगान फैन गर्ल ?

नई दिल्ली/एजेन्सी




भारतीय क्रिकेट टीम ने मौजूदा विश्व कप में अपना दबदबा दिखाया है। पहले लीग मैचों और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भी भारत ने जीत हासिल की। रोहित एंड कंपनी की जीत की खुशी के बीच अचानक सारा ध्यान अफगानी फैन वाज़मा अयूबी की ओर मुड़ गया, जो अपनी अदाओं से लाखों लोगों के दिलों को लुभा रही हैं। उनके समर्थन और खेल के प्रति अटूट उत्साह ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। जिससे कई लोग उनके फैन बन गए हैं और उनसे जुड़ी बातें जानने के लिए उत्सुक हैं।

अयूबी मौजूदा आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के स्टार आकर्षणों में से एक रही है। इससे पहले, वह इस साल आयोजित एशिया कप में भी देखी गई थी। अयूबी, जो दुबई में स्थित एक व्यवसायी महिला है। न केवल एक क्रिकेट फैन है, बल्कि व्यवसाय, प्रभाव और सक्रियता के क्षेत्र में एक मशहूर हस्ती भी हैं।

एक्स पर उनका बायो उनके जुनून के बारे में बहुत कुछ बताता है। जिसमें रियल एस्टेट से लेकर टिकाऊ और नैतिक फैशन की वकालत और पितृसत्ता को नष्ट करने के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता शामिल है। अपनी टीम का समर्थन करने के अलावा, अयूबी ने भारतीय क्रिकेट टीम का समर्थन किया है। साथ ही भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फैन बन गई हैं। एक्स पर उनके हालिया पोस्ट भारत में उनकी उपस्थिति का संकेत देते हैं। जहां वह अफगानिस्तान टीम के साथ वनडे विश्व कप मैचों के उत्साह में पूरी तरह से डूबी हुई हैं। उनका सोशल मीडिया ऐसे वीडियो से भरा पड़ा है, जो स्टेडियम से उनके उत्साह को कैद कर रहे हैं और इन रोमांचक मुकाबलों के दौरान अफगान खिलाड़ियों का उत्साहपूर्वक समर्थन कर रहे हैं।

अयूबी ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए मोहम्मद शमी को बधाई दी। उन्होंने भारत बनाम न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के बाद एक्स पर लिखा, ओएमजी, 7 विकेट! क्या प्रभाव और क्या क्रिकेटर मोहम्मद शमी, टीम इंडिया को बधाई।

उन्होंने लीग चरण के मैच में इंग्लैंड के खिलाफ शमी के असाधारण प्रदर्शन पर भी प्रसन्नता व्यक्त की, जहां तेज गेंदबाज ने भारत की 100 रन की जीत में 4 विकेट लिए थे।

उन्होंने ट्वीट किया, क्या खिलाड़ी हैं शमी। एशिया कप 2023 के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ भारत के मैच से पहले, अयूबी ने 2022 टूर्नामेंट के दौरान विराट कोहली द्वारा पहनी गई जर्सी पहनी थी। एक अनूठा स्पर्श जोड़ते हुए, जर्सी सिर्फ एक यादगार वस्तु नहीं थी बल्कि उस पर खुद भारतीय क्रिकेट आइकन ने हस्ताक्षर किए थे। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, मैं अपनी पसंदीदा टीम को सपोर्ट करने के लिए जो जर्सी पहन रही हूं, वह जर्सी किंग विराट कोहली ने खुद एशिया कप में भारत-बनाम अफगानिस्तान मैच में पहनी थी। इस पर उनके हस्ताक्षर भी हैं।

## रामायण और महाभारत काल से ही छठ मनाने की रही है परंपरा

पटना/वार्ता



लोक आस्था का महापर्व छठ मनाने की परंपरा रामायण और महाभारत काल से ही रही है। छठ वास्तव में सूर्योपासना का पर्व है। इसलिए, इसे सूर्य षष्ठी व्रत के नाम से भी जाना जाता है। इसमें सूर्य की उपासना उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए की जाती है। ऐसा विश्वास है कि इस दिन सूर्यदेव की अराधना करने से व्रती को सुख, सौभाग्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है और उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस पर्व के आयोजन का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में भी पाया जाता है। इस दिन नदियों, तालाब या फिर किसी पोखर के किनारे पर पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है।

छठ को पहले केवल बिहार, झारखंड और उत्तर भारत में ही मनाया जाता था, लेकिन अब धीरे-धीरे पूरे देश में इसके महत्व को स्वीकार कर लिया गया है। छठ पर्व षष्ठी का अपभ्रंश है। इस कारण इस व्रत का नामकरण छठ व्रत हो गया। छठ वर्ष में दो बार मनाया जाता है। पहली बार चैत्र में और दूसरी बार कार्तिक माह में। चैत्र शुक्लपक्ष षष्ठी पर मनाए जाने वाले छठ पर्व को चैती छठ और कार्तिक शुक्लपक्ष षष्ठी पर मनाए जाने वाले पर्व को कार्तिकी छठ कहा जाता है।

छठ पूजा के लिए चार दिन नहाय-खाय, खरना या लोहंडा, संध्या अर्घ्य और सूर्योदय अर्घ्य महत्वपूर्ण है। छठ की पूजा में गन्ना, फल, डाला और सूप आदि का प्रयोग किया जाता है। मान्यताओं के अनुसार, छठी मइया को भगवान सूर्य की बहन बताया गया है। इस पर्व के दौरान छठी मइया के अलावा भगवान सूर्य की पूजा-आराधना होती है। कहा जाता है कि जो व्यक्ति इन दोनों की अर्चना करता है उनकी संतानों की छठी माता रक्षा करती हैं। कहते हैं कि भगवान की शक्ति से ही चार दिनों का यह कठिन व्रत संपन्न हो पाता है। छठ को लेकर कई कथाएं हैं। एक कथा के अनुसार, महाभारत काल में जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए तब द्रौपदी ने छठ व्रत किया। इससे उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हुईं तथा पांडवों को राजपाट वापस मिल गया। इसके अलावा छठ महापर्व का उल्लेख रामायण काल में भी मिलता है। एक अन्य मान्यता के अनुसार, छठ या सूर्य पूजा महाभारत काल से की जाती है। कहते हैं कि छठ पूजा की शुरुआत सूर्य पुत्र कर्ण ने की थी। कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे। मान्याताओं के अनुसार, वे प्रतिदिन घंटों कमर तक पानी में खड़े रहकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वे महान योद्धा बने थे।

किंवदंति के अनुसार, ऐतिहासिक नगरी मुंगेर के सीता चरण में कभी मां सीता ने छह दिनों तक रह कर छठ पूजा की थी। पौराणिक कथाओं के अनुसार, 14 वर्ष वनवास के बाद जब भगवान राम अयोध्या लौटे थे तो रावण वध के पाप से मुक्त होने के लिए ऋषि-मुनियों के आदेश पर राजसूय यज्ञ करने का फैसला लिया। इसके लिए मुग्दल ऋषि को आमंत्रण दिया गया था लेकिन मुग्दल ऋषि ने भगवान राम एवं सीता को अपने ही आश्रम में आने का आदेश दिया। ऋषि की आज्ञा पर भगवान राम एवं सीता स्वयं यहां आए और उन्हें इसकी पूजा के बारे में बताया गया। मुग्दल ऋषि ने मां सीता को गंगा छिड़क कर पवित्र किया एवं कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को सूर्यदेव की उपासना करने का आदेश दिया।

यहीं रह कर माता सीता ने छह दिनों तक सूर्यदेव भगवान की पूजा की थी। छठ व्रत की परंपरा सदियों से चली आ रही है। यह परंपरा कैसे शुरू हुई, इस संदर्भ में एक कथा का उल्लेख पुराणों में मिलता है। इसके अनुसार प्रियव्रत नामक एक राजा की कोई संतान नहीं थी। संतान प्राप्ति के लिए महर्षि कश्यप ने उन्हे पुत्रयेष्टि यज्ञ करने का परामर्श दिया। यज्ञ के फलस्वरूप महारानी ने एक पुत्र को जन्म दिया, लेकिन वह शिशु मृत था। इस समाचार से पूरे नगर में शोक व्याप्त हो गया। तभी एक आश्चर्यजनक घटना घटी। आकाश से एक ज्योतिर्मय विमान धरती पर उतरा और उसमें बैठी देवी ने कहा, ‘मैं षष्ठी देवी और विश्व के समस्त बालकों की रक्षिका हूं।’ इतना कहकर देवी ने शिशु के मृत शरीर का स्पर्श किया, जिससे वह बालक जीवित हो उठा। इसके बाद से ही राजा ने अपने राज्य में यह त्योहार मनाने की घोषणा कर दी।

## 2024 में ग्रैंड वर्ल्ड टूर करेंगी नोरा फतेही

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही 2024 की शुरुआत में एक ग्रैंड वर्ल्ड टूर पर निकलेंगी। इस दौरान वह न केवल अपने बॉलीवुड सोलो पर परफॉर्म करेंगी, बल्कि एक नए इंटरनेशनल ट्रैक का भी अनावरण करेंगी। इस टूर में उनके वोकल टैलेंट का भी परफॉर्मेंस होगा, साथ ही कुछ और बेहतरीन डांस परफॉर्मेंस भी देखने को मिलेंगे।



जैसे-जैसे उनके वर्ल्ड टूर के चलते उनके प्रोफेशनल लाइफ में एक नया मोड़ आ रहा है, नोरा फतेही भी अपकमिंग फिल्मों की सूची में अभिनय करने के लिए तैयार हो रही हैं। वह वरुण तेज की फिल्म ’मटका’ से तेलुगु में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं।

बॉलीवुड इंडस्ट्री में, नोरा अपनी एक्टिंग क्षमता का प्रदर्शन करते हुए हाई-ऑक्टेन थ्रिलर ’क्रैक’ में विद्युत जामवाल के साथ स्क्रीन पर नजर आने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, वह अभिषेक बच्चन के साथ रेमो डिसूजा की ’बी हैप्पी’ में दर्शकों को खुश करने के लिए भी तैयार हैं, और कुणाल खेमू की ’मडगांव एक्सप्रेस’ के कलाकारों के साथ जुड़कर अपनी फिल्मोग्राफी में विविधता लाएंगी, जहां वह एक हास्य भूमिका निभाएंगी।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

छठ पूजा 19 को अपरान्ह 2 बजे प्रारंभ होकर रात्रि 10 बजे सम्पन्न होगी एवं 20 नवम्बर को प्रात 4 बजे प्रारंभ होकर 8 बजे सम्पन्न होगी। अन्य सदस्यों ने विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि छठ गीतों की प्रस्तुति शहर के सुप्रसिद्ध गायिका श्रेया सिंह एवं अजय सिंह की टीम करेगी।



# गांधीमुथा वारियर्स टीम बनी डीडी हेश बॉक्स क्रिकेट विजेता

## तातेड़ टीम बनी उपविजेता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। शहर के स्पोर्टस पार्क में दियावट ढंडार हवेली जैन संघ का पहला बॉक्स क्रिकेट का आयोजन बुधवार को हुआ। मुख्य प्रायोजक पार्श्व डेवलपर्स द्वारा आयोजित क्रिकेट में 10 टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में मालाणी स्ट्राइकरस, गांधीमुथा वारियर्स, चोपडा वारियर्स, गेलेक्सी एवंजर्स, बंदामुथा बागोड़ा वारियर्स, ट्रैंडस टाइगर, राव वुड रेंजर्स, अम्बिका सुपर स्ट्राइकर्स, पोमानी सुपर स्टार एवं तातेड़ टीम ने भाग लिया। फाइनल में तातेड़ टीम व गांधीमुथा टीम का फाइनल हुआ जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए गांधीमुथा टीम विजेता तथा तातेड़ टीम उपविजेता बनी। सर्वश्रेष्ठ खिलाडी का ख़िताब निखिल तातेड़ के नाम रहा। मुख्य प्रायोजक जयंतीलाल चोपडा ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर डीडी हेश क्रिकेट टीम के संजय सेठ, नीलेश जैन, सचिन संघवी, नरेश वेदमुथा, अंकुश सेठ, विक्रम पोमानी, किरण गांधीमुथा, निखिल तातेड, राकेश चोपड़ा, मोंटू छत्रागोता, बंटी दानी ने सहयोग दिया।



# 'स्पर्श वचन' पहल के तहत स्पर्श फाउंडेशन ने जरुरतमंद बच्चों की करवाई निशुल्क सर्जरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्पर्श फाउंडेशन ने अपनी अनोखी पहल 'स्पर्श वचन' के 11वें संस्करण के अंतर्गत कर्नाटक के चयनीत वंचित बच्चों की मुफ्त में सर्जरी करने की शुरुआत की। इस पहल में विभिन्न जन्मजात और उपार्जित चिकित्सीय स्थितियों से पीड़ित बच्चों की सर्जरी फाउंडेशन की ओर से निशुल्क की जा रही है। स्पर्श हॉस्पिटल डॉ. शरण शिवराज पाटिल व अभिनेत्री ऐशानी शेट्टी की उपस्थिति में इस पहल की शुरुआत की गई। इस वर्ष इस पहल में वंचित बच्चों के लिए हृदय, तंत्रिका विज्ञान और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल प्रक्रियाओं सहित चिकित्सा के दायरे को विस्तारित किया है। सुश्री ऐशानी शेट्टी ने कहा कि स्पर्श वचन का उद्देश्य गंभीर सर्जरी के खर्च की चुनौतियों का सामना कर रहे वंचित बच्चों के परिवारों पर बोझ को कम करना है। इतने बड़े पैमाने पर समाज की विशेष तबके की सेवा करने में स्पर्श फाउंडेशन और डॉ. शरण शिवराज पाटिल के दृढ़ संकल्प और प्रयासों को देखना बहुत प्रेरणादायक है। डॉ. शरण शिवराज पाटिल ने बताया कि इस पहल में अस्ताल के ऑपरेटिंग सर्जन, थिएटर स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, फिजियोथेरेपिस्ट, व्यावसायिक चिकित्सक और आहार विशेषज्ञ अपने सेवाएं निःशुल्क प्रदान करते हैं।

# उच्च न्यायालय ने भोपाल गैस त्रासदी पर बनी वेब सीरीज के प्रदर्शन पर रोक से इनकार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। बंबई उच्च न्यायालय ने वेब सीरीज 'द रेलवे मैन-द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ भोपाल 1984' के प्रदर्शन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा कि इस घटना का विवरण पहले ही सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध है।

न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की अवकाशकालीन पीठ ने 15 नवंबर को यूनियन कार्बाइड इंडिया के दो पूर्व कर्मचारियों की याचिकाओं को खारिज कर दिया जिन्होंने दावा किया था कि इस वेब सीरीज में उन घटनाओं का चित्रण किया गया है जिनकी वजह से त्रासदी हुई और इससे उनके प्रति पूर्वाग्रह हो सकता है। याचिकाकर्ताओं में से एक उत्पादन प्रबंधक के रूप में एमआईसी संयंत्र का प्रभारी था, और दूसरा यूसीआईएल के कीटनाशक कारखाने का प्रभारी था। याचिकाकर्ताओं सत्य प्रकाश चौधरी और जे मुकुंद को मामले में दोषी ठहराया गया था। बाद में उन्होंने दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर की जो लंबित हैं।

उच्च न्यायालय ने वेब सीरीज के प्रदर्शन पर स्थगन से इनकार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता 'बहुत मजबूत और दमदार तरीके से प्रथम दृष्टया यह मामला बनाने में विफल रहे हैं कि वेब सीरीज में अपमानजनक, निंदनीय या अपमानजनक सामग्री है'।

## प्रचार



हैदराबाद में केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी शुक्रवार को हैदराबाद में आगामी तेलंगाना विधान सभा चुनाव 2023 के लिए नामपल्ली निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



सम्मान

बेंगलूरु के 'दर्शन' नामक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान द्वारा बेंगलूरु कला ग्राम में कन्नड़ उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 200 से भी ज्यादा बच्चों ने भाग लिया तथा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने पुरस्कृत किया।

# 'सौभाग्य बढ़ेगा तो धन का आगमन स्वयं होगा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन संघ राजाजीनगर में चातुर्मासार्थ विराजित पंन्यास श्री भक्तिरत्नविजयजी, मुनिश्री भाग्यचन्द्रविजयजी व बालमुनि भक्तिदर्शनविजयजी ज्ञानपंचमी का संदेश देते हुए कहा कि प्रयत्न के दो ही लाभ होते हैं लाभ या अलाम। फिर लाभ के भी अनेक प्रकार हैं। भौतिक लाभ भी होते है और आध्यात्मिक लाभ भी होते हैं। दोनों में ही प्रयत्न सफल होने पर लाभ होता है और असफल होने पर अलाभ लाभ से प्रयत्न की प्रेरणा मिलती है और अलाम से प्रयत्न में शिथिलता आती है। आज के दिन की जो पांचम तिथि है उसे लाभ पंचमी भी कहा जाता है। पूर्व में अपने घरों के प्रवेश द्वार के दोनों तरफ दो शब्द लिखे जाते थे, शुभ-लाभ। हम जो लाभ पायेंगे वो शुभ होगा, इसलिए पहले शुभ शब्द होता है और बाद में लाभ शब्द है। गुरुदेव ने इस प्रवचन में विशेष रूप से ज्ञान की विराधना और आशातना से बचने की प्रेरणा दी। प्रत्येक संसारी जीव ज्ञानावरणीय कर्म में लिप्त है। इस कर्म का यह लेप जिस जीव पर जितना अधिक चढ़ा हुआ है, वह उतना ही दूर रहता है-सम्यग्ज्ञान से एवं शारीरिक स्वास्थ्य से भी यह ज्ञानावरणीय कर्म का आवरण जितना दृढ़/प्रगाढ़ होगा उतना ही जीव को वह सम्यग्ज्ञान से वंचित रखेगा। इस पांचम को सौभाग्य पंचमी भी कहते हैं। जीवन में सौभाग्यशाली होने के लिए दुर्भाग्य को मिटाने के लिए इस पंचमी जैसी पर्व तिथियों में अधिकाधिक धर्माराधना करना चाहिए। सौभाग्य बढ़ेगा तो धन का आगमन स्वयं होगा और सौभाग्य जायेगा तो धन का पलायन रोकने से भी नहीं रूकेगा।



# आचार्य महेन्द्रसागरसूरी की निश्रा में शुरु हुई सूरीमंत्र पीठिका आराधना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में 25 दिवसीय सूरीमंत्र की विशेष आराधना प्रारंभ हुई। संघ में प्रथम बार हो रही सूरीमंत्र पीठिका आराधना के कारण पूरे संघ में उल्लास का माहौल है। इस मौके पर मंदिर में साधना खंड की विशेष रुप से सजाया गया है, प्रतिमाओं को स्थापित किया गया है। इस सूरीमंत्र आराधना का उद्देश्य यह है कि शासन को चलाने के लिए बड़े और अकूट पुण्य खजाने की आवश्यकता रहती है और वर्तमान में तीर्थकर के स्थान पर शासन को चलाने वाले, संभालने वाले आचार्य होते है, अत: आचार्य भगवंत अवश्य ही समय-समय पर इस मंत्र की साधना करते हैं। सूरीमंत्र साधना से पुण्य प्रकाश की वृद्धि होती है। ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष प्रकाश साकरिया, जयन्तिलाल, मदन गांधी, चातुर्मास के मुख्य लाभार्थी ललित संघवी आदि ने उपस्थित होकर द्रव्य विधि विधान का लाभ लिया।

# मरुधरा जैन संघ का कल भिक्षु धाम में स्नेह मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय मरुधरा जैन संघ का 30वां स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को टुमकूर रोड स्थित भिक्षु धाम में रखा गया है। संघ के अध्यक्ष डूंगरमल पारख ने बताया कि इस आयोजन में मरुधरा जैन संघ के अंतर्गत आने वाले 30 गावों के सदस्य आमंत्रित हैं। संघ के सचिव विनोद भुरट ने बताया कि इस स्नेह मिलन के सम्पूर्ण लाभार्थी अमृतलाल, दलपतराज, कांतिलाल, नेमीचन्द सालेचा परिवार वाले हैं। आयोजन स्थल पर पहुंचने के लिए संघ की ओर से रविवार को सुबह 7 बजे बसों की व्यवस्था की गई है।

# अमेरिका ऐसी बातें कहना जारी रखेगा जो चीन को पंसद नहीं

सैन फ्रांसिस्को/भाषा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग को ''तानाशाह'' करार देने वाली उनकी टिप्पणी का बचाव करते हुए विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका ऐसी बातें कहना जारी रखेगा जो चीन को पसंद नहीं हैं।

सैन फ्रांसिस्को में बुधवार को एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के मौके पर एक साल से अधिक समय बाद हुई दोनों राष्ट्रपतियों की पहली मुलाकात और द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने को लेकर उपयोगी चर्चा के कुछ ही घंटों बाद बाइडन ने शी को ''तानाशाह'' बताया था।



# भोजपुरी समाज सेवा समिति का छठ पूजा महोत्सव कल से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के भोजपुरी समाज सेवा समिति इस वर्ष आस्टिन टाउन स्थित नंदन फुटबॉल स्टेडियम में छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सांसद पीसी मोहन, विधायक एनए हेरिस, राज्य के परिवहन मंत्री रामालिंगम रेडी, पूर्व मेयर गौतम कुमार, पूर्व पार्षद शिवकुमार, शशिरेखा, सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव राकेश सिंह, पूर्व पुलिस निदेशक एमडी सिंह आदि के शामिल होने के संभावना है। इस आयोजन को लेकर समिति के कार्यालय में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। संस्थापक अध्यक्ष संजयसिंह उज्जैन के अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में व्यवस्थापक शशिभूषण झा, कोषाध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह, पूजा अध्यक्ष अमरेंद्र ओझा, सहअध्यक्ष रामाशंकर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीतेन्द्रमोहन सिंह, डीके साव, महामंत्री राकेश पटेल, सचिव गिरीशचन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

पूजा अध्यक्ष अमरेन्द्रकुमार ओझा ने बताया कि घाट पर आतिशबाजी निषेध रहेगी। छठ पूजा 19 को अपरान्ह 2 बजे प्रारंभ होकर रात्रि 10 बजे सम्पन्न होगी एवं 20 नवम्बर को प्रात 4 बजे प्रारंभ होकर 8 बजे सम्पन्न होगी। अन्य सदस्यों ने विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि छठ गीतों की प्रस्तुति शहर के सुप्रसिद्ध गायिका श्रेया सिंह एवं अजय सिंह की टीम करेगी।



# जीतो लेडीज विंग ने खेलकूद के साथ मनाया दीपावली मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जीतो लेडीज विंग साउथ द्वारा दिवाली स्नेह मिलन के अंतर्गत 'दीपावली के रंग, खेलकूद के संग' कार्यक्रम का आयोजन कोरमंगला होटल में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला सदस्याएं शामिल हुई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हर सदस्याओं के अंदर बचपन को फिर से जगाने तथा आपसी मेल मिलाप को बनाए रखना था। सदस्याओं ने मनोरंजन से भरपूर इस केंद्र में महिलाओं ने ट्रम्पोलिन, बॉलिंग लेज़र टैग, वीडियो गेम आदि खेलों का आनंद उठाया।

जीतो लेडीज विंग चेयरपर्सन सुनीता गांधी ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री मोनिका पिरगल ने सभी सदस्यों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की खेलकूद हमारे जीवन का हिस्सा है और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने में सहायक होता है तथा सभी को धन्यवाद दिया।

जीतो लेडीज विंग सहमंत्री एवं परियोजना संयोजक संगीता पारख तथा परियोजना सह-संयोजक सपना चोपड़ा ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली।

इस अवसर पर जीतो लेडीज़ विंग साउथ की उपाध्यक्ष प्रभा गुलेच्छा, मैनेजिंग कमिटी सदस्य साक्षी नाहर, निशा जियानी, सविता पोरवाल एवं पुष्पा गुलेच्छा उपस्थित थीं।

## गुरु सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



सीरवी समाज तुमकूर बडेर संस्था के अध्यक्ष मदनलाल राठौड़, पूर्व अध्यक्ष हेमराज सेंणचा, कुशालराम सेपटा, मलाराम सीरवी एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधवसिंह का बेंगलूरु हवाईअड्डे पर स्वागत किया। ज्ञातव्य है कि दीवान साहब तुमकूर सीरवी समाज द्वारा नवनिर्मित छात्रावास भवन का उदघाटन में निश्रा प्रदान करेंगे।



# 'आंतरिक आत्मा का प्रकाश है ज्ञान'

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि जैन धर्म से संबंधित ज्ञान पंचमी सभी के लिए एक अत्यंत ही पूजनीय और महत्वपूर्ण दिवस है। जैन धर्म प्राचीन भारत का एक धार्मिक धर्म है जो सिखाता है कि मुक्ति और आनंद का मार्ग हानिरहित और त्याग का जीवन जीना है। ज्ञान पंचमी जैन समुदाय के सदस्यों के लिए दिवाली उत्सव का यह आखिरी दिन है।

जैन धर्म में यह पर्व कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाता है। इसे 'सौभाग्य पंचमी' और 'लाभ पंचमी' के रूप में भी जाना जाता है। साध्वीश्री ने कहा कि ज्ञान आंतरिक आत्मा का प्रकाश है। यह एक प्राकृतिक प्रकाश है। यह जीवन की एक उज्ज्वल लौ भी है। इसके प्रकाश के बिना हम कुछ भी नहीं देख सकते हैं। हम सत्य और असत्य ज्ञान का भेद भी नहीं जान सकते, दूसरा सूर्य और तीसरा नेत्र कहलाता है। इसलिए ज्ञान पंचमी की पूजा करनी चाहिए। साध्वी शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि ज्ञान की आराधना सभी को करना चाहिए। नेमीचंद वेदमुथा ने बताया कि शनिवार को सुबह देववंदन आरती आदि कार्यक्रम होगा।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com